हर खबर पर पैनी नजर

नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

पेज : 08

टॉलीवुड डेब्यू फिल्म जटाधारा से सोनाक्षी सिन्हा का पावरफुल फर्स्ट लुक आउट

www.naisochlive.com | पटना, मंगलवार, 11 मार्च 2025, वर्ष- 08, अंक- 23, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com

योगी सरकार का बड़ा फैसला : 10 से 25 हजार मूल्य के भौतिक स्टाम्प पेपर होंगे चलन से बाहर

■ कैबिनेट की बैठक में मेडिकल कॉलेज, मेट्रो परियोजना और स्मार्ट सिटी योजना सहित 19 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

एजेंसी, लखनऊ

योगी सरकार की मंत्रिमण्डल की बैठक में 19 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई है। सोमवार को लोकभवन में आयोजित बैठक के उपरांत वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कुल 19 प्रस्तावों पर चर्चा हुई और सभी को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई है। इन प्रस्तावों में स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन, शहरी विकास और कर्मचारी कल्याण से जुड़े कई अहम निर्णय शामिल हैं।

बैठक में बलिया में स्वतंत्रता सेनानी चित्तू पांडेय के नाम पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए भूमि हस्तांतरण, आगरा मेट्रो रेल परियोजना के प्रथम और द्वितीय कॉरीडोर के लिए भूमि हस्तांतरण, स्मार्ट सिटी योजना का विस्तार और केंद्र सरकार द्वारा तय किए गए समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के लिए समय सीमा का निर्धारण किया गया है। मंत्रिमण्डल ने स्टांप को लेकर भी बड़ा फैसला लिया है। 10,000 से 25,000 मूल्य तक के भौतिक स्टाम्प पेपर को चलन से बाहर करने का निर्णय लिया है। अब इनके स्थान पर ई-स्टाम्प का उपयोग किया जाएगा। इस संबंध में 5,630 करोड़ रुपये से अधिक के स्टाम्प को बीड आउट किया जाएगा। पुराने स्टाम्प 31 मार्च 2025 तक मान्य होंगे। उसके बाद इन्हें स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह निर्णय स्टाम्प प्रणाली में पारदर्शिता लाने और गड़बड़ियों को रोकने के लिए लिया गया है। केंद्र सरकार द्वारा रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए गेहूं का समर्थन मूल्य 2,425 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश में 17 मार्च से 15 जून तक गेहूं की खरीद होगी, जिसके लिए खाद्य विभाग की विपणन शाखा सहित कुल आठ एजेंसियों द्वारा प्रदेशभर में लगभग 6,500 क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे। कैबिनेट बैठक में बलिया जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए 14.05 एकड़ भूमि को निःशुल्क हस्तांतरण को मंजूरी दी गई। यह भूमि जिला कारागार से चिकित्सा शिक्षा विभाग को हस्तांतरित की गई है। मेडिकल कॉलेज का निर्माण 12.39 एकड़ भूमि पर किया जाएगा, जबकि शेष लगभग दो एकड़ भूमि पर स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय चित्तू पांडेय की मूर्ति स्थित है, जिसके सौंदर्यीकरण का निर्णय लिया गया है। मेडिकल कॉलेज का नामकरण भी चित्तू पांडेय के नाम पर किया जाएगा। बुलंदशहर में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए राजकीय कृषि विद्यालय के नाम दर्ज 4,570 वर्ग मीटर भूमि को चिकित्सा शिक्षा विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित करने का फैसला लिया गया है। यह भूमि ग्राम वलीपुरा में स्थित है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के 27 स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालयों में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना की जा रही है। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बुलंदशहर परिसर में अब तक नर्सिंग कॉलेज के लिए भूमि उपलब्ध नहीं थी। मंत्रिमण्डल की बैठक में सैफई (इटावा) स्थित उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में ऑब्स एंड गायनी ब्लॉक के निर्माण के लिए प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। 300 बेड के अस्पताल में पीडियाट्रिक ब्लॉक को भी शामिल किया गया है। इसके लिए 23,217.17 लाख रुपये के वित्तीय एवं प्रशासकीय प्रस्ताव को मंत्रिमण्डल ने स्वीकृत कर लिया है। चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

टीम इंडिया को पीएम मोदी ने दी बधाई, बोले- 'असाधारण खेल, असाधारण परिणाम'

एजेंसी, नई दिल्ली

न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हरा कर भारत ने तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है। इस जीत के बाद टीम इंडिया को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत कई राजनेताओं ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। भारतीय टीम की जीत पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, 'एक असाधारण खेल और एक असाधारण परिणाम। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी घर लाने के लिए हमारी क्रिकेट टीम पर गर्व है। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। शानदार प्रदर्शन के लिए हमारी टीम को बधाई'। गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय टीम को बधाई देते हुए एक्स पर पोस्ट कर लिखा, 'एक ऐसी जीत जिसने इतिहास रच दिया आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में शानदार जीत हासिल करने पर टीम इंडिया को बधाई। मैदान पर आपकी जोशीली ऊर्जा और अजेय प्रभुत्व ने देश को गौरवान्वित किया और क्रिकेट उत्कृष्टता के लिए एक नया मानक स्थापित किया। आप हमेशा शानदार प्रदर्शन करें'। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- 'भारतीय क्रिकेट टीम की यह शानदार जीत और शानदार प्रदर्शन है! क्रिकेट कौशल के शानदार प्रदर्शन के लिए पूरी टीम को बधाई। आज की यह जीत कई युवाओं और महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों को प्रेरित करेगी।' उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय टीम की जीत को ऐतिहासिक विजय बताया। उन्होंने पोस्ट कर कहा, 'ऐतिहासिक विजय...चैंपियंस का अभिनंदन। चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर विजय के रंगों से त्योहारों की बेला को और अधिक रंगमय, उल्लासमय बनाने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के हर खिलाड़ी पर देश को गर्व है।' महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने एक्स पर लिखा, 'एक शानदार शुरुआत, एक शानदार अंत, एक शानदार पारी! आखिरकार भारतीय टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी जीत का जश्न मनाया..!'

संक्षिप्त समाचार

केवल भावना भड़का रही द्रमुकः निशिकांत दुबे

एजेंसी, नई दिल्ली। लोकसभा में सोमवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर हुई बहस के बीच भाजपा सदस्य निशिकांत दुबे ने तमिलनाडु के क्षेत्रीय राजनीतिक दल एवं सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) पर अलगाव की भावना भड़काने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि द्रमुक देश के ताने-बाने को तोड़ना चाहती है। निशिंकात दुबे ने लोकसभा में कहा कि तीन भाषा फार्मूले का विरोध कर द्रमुक पार्टी असल में तेलगु, कन्नड़, तमिल, मैथली और संथाली का विरोध कर रही है।

ललित मोदी न घर के ना घाट के: भारत की छोड़ी, वानूआतू की नागरिकता ली, अब यहां भी रद्द?

एजेंसी, नई दिल्ली

.आईपीएल के पूर्व अध्यक्ष और वित्तीय गड़बड़ियों के आरोपी ललित मोदी अब घर के रहे न घाट के। वजह ये है कि मोदी भारत की नागरिकता छोड़ चुके हैं। उन्होंने वानूआतू की नागरिकता ली थी। लेकिन भारत के दवाब के चलते वहां के पीएम ने साफ कर दिया कि ललित मोदी की नागरिकता खत्म की जाएगी। विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की थी कि ललित मोदी ने अपना पासपोर्ट सरेंडर करने का आवेदन कर दिया है। ललित मोदी 2010 में भारत से भागने के बाद लंदन में ही रह रहे थे। कई बार उन्होंने इंटरव्यू भी दिया और खुद को बेकसूर बताया है। भारतीय पासपोर्ट सरेंडर करने के बाद पता

चला कि उन्होंने प्रशांत महासागर के द्वीपीय देश वानूआतू का नागरिकता ले ली है। उन्हें गोल्डन पासपोर्ट मिल गया है। दरअसल वानूआतू अमीर लोगों को अपने देश की नागरिकता खरीदने की अनुमति देता है। लगभग 1.3 करोड़ रुपये ही खर्च करके वहां का पासपोर्ट लिया जा सकता है। हालांकि रिपोर्ट्स में बताया गया कि वानूआतू के पीएम ने अपने सिटिजनशिप कमीशन को उनका पासपोर्ट रद्द करने का आदेश दे दिया है। ललित मोदी भारतीय एजेंसियों की पकड़ से दूर जाने की पूरी योजना बना चुके थे।

माना जा रहा था कि दूसरे देश की नागरिकता मिलने के बाद उनका प्रत्यर्पण बहुत मुश्किल हो जाएगा। वानूआतू की मीडिया में बताया गया है कि भारत के दबाव के बाद ही प्रशासन ने ललित मोदी पर एक्शन लेने का फैसला किया है। रिपोर्ट यह भी कहती है कि न्यूजीलैंड में भारत की उच्चायुक्त नीता भूषण ने ललित मोदी का पासपोर्ट रद्द करवाने में बड़ी भूमिका निभाई है।

मैहर की तरफ जा रही कार ट्रक से भिड़ी सात की मौत

एजेंसी, सीधी । मैहर की तरफ से तेज रफ्तार जा रही एक एसयूवी कार ट्रक से भिड़ गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई जबकि 14 लोग घायल हो गए। डीएसपी गायत्री तिवारी ने बताया कि यह घटना सीधी-बहरी रोड पर उपनी पेट्रोल पंप के पास देर रात करीब 2.30 बजे हुई। उन्होंने बताया कि एसयूवी मैहर की ओर जा रही थी जबकि ट्रक सीधी से बहरी की ओर जा रहा था, तभी दोनों वाहनों की आमने सामने की टक्कर हुई। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में एसयूवी में सवार सात लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि 9 घायलों को इलाज के लिए रीवा रेफर किया गया है और अन्य का सीधी जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

राहुल गांधी ने लोकसभा में वोटर लिस्ट का मुद्दा उठाया

एजेंसी, नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सदन में मतदाता सूची का मुद्दा उठाया और कहा कि कई राज्यों में वोटर लिस्ट पर सवाल उठे हैं, इसलिए संसद में चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की टिप्पणी पर हाँ में हाँ मिलाते हुए कहा, सरकार वोटर लिस्ट नहीं बनाती, यह तो सबको पता है, लेकिन सवाल उठ रहे हैं तो ऐसे में अच्छा यही होगा कि संसद में इस विषय पर चर्चा हो। गौरतलब है कि इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपनी एक टिप्पणी में सवाल करते हुए कहा था कि क्या वोटर लिस्ट सरकार बनाती है? इसी बात पर राहुल गांधी ने कहा, कि आपने सही कहा कि वोटर लिस्ट क्या सरकार बनाती है? आपने सही बोला कि सरकार वोटर लिस्ट नहीं बनाती है। लेकिन पूरे देश में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष शासित प्रत्येक राज्य में और खासकर महाराष्ट्र में साफ-साफ सवाल उठाए जा रहे हैं। पूरा विपक्ष मिलकर सिर्फ यही कह रहा कि वोटर लिस्ट पर सदन में चर्चा होनी चाहिए। आप तो बनाते नहीं, ये हम मानते हैं, लेकिन वोटर लिस्ट पर चर्चा तो हो जाए। इस प्रकार लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने वोटर लिस्ट के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया और कहा कि पूरा विपक्ष इस विषय पर चर्चा की मांग कर रहा है।

गायक कुमार सानू ने कैंची धाम में टेका माथा

एजेंसी, नैनीताल। प्रसिद्ध गायक कुमार सानू सोमवार सुबह अपने परिवार के साथ जिले में स्थित कैंची धाम पहुंचे और बाबा नींब करौरी महाराज के दर्शन किए। इससे पहले रविवार को भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह ने भी कैंची धाम पहुंचकर बाबा नींब करौरी का आशीर्वाद लिया था। फिल्म जगत के गायक कुमार सानू अपने परिवार के साथ सुबह कैंची धाम मंदिर पहुंचे। पूजा अर्चना के दौरान कुमार सानू ने हनुमान चालीसा का पाठ किया।

उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में भीषण सड़क हादसा, 5 की मौत

एजेंसी, बस्ती

उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में घायल 3 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सोमवार सुबह करीब 7 बजे एक कार कंटेनर से टकरा गई। कार सवार लोग गुजरात से बिहार और गोरखपुर जा रहे थे। हादसे में कार में सवार 5 लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान शिवराज सिंह पुत्र होमपाल सिंह दबोईकला थाना असमोली संभल, शकील पता अज्ञात, विश्वजीत पता अज्ञात, बहारन पता अज्ञात, कार चालक प्रेम पुत्र नन्दलाल गोरखपुर के रूप

में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी कलवारी, थानाध्यक्ष नगर और चौकी इंचार्ज फुटहिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। राहत और बचाव कार्य शुरू किया। सीओ के मुताबिक हादसे में बिहार के गोपालगंज निवासी छागूर यादव पुत्र उमा यादव, गोपालगंज निवासी भुआल पुत्र शंभू प्रसाद व गोरखपुर निवासी अनिरुद्ध पुत्र सूर्यनाथ गम्भीर रूप से घायल हैं।

विपक्ष के जोरदार हंगामें के बीच लोकसभा की कार्यवाही कुछ देर के लिए स्थगित

एजेंसी, नई दिल्ली

बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार को शुरू हुआ, जो 4 अप्रैल तक चलेगा। लोकसभा में स्पीकर ओम बिड़ला के निर्देश पर प्रश्न काल शुरू हुआ। विपक्षी दल विभिन्न मुद्दों को उठाने की मांग कर रहे थे, लेकिन स्पीकर ने प्रश्न काल को सुचारू रूप से चलाने की अपील की। इस पर हंगामा बढ़ता चला गया और सदन की कार्यवाही को दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा में सदन की कार्यवाही विपक्षी दलों के हंगामे के कारण 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले लोकसभा

स्पीकर ने विपक्ष से प्रश्न काल सुचारु रुप से चलाने की अपील की, लेकिन विपक्ष अपनी मांगों पर अड़ा रहा और सदन में लगातार नारेबाजी होती रही, जिससे कार्यवाही बाधित हुई और अंततः स्थगित करनी पड़ गई। गौरतलब है कि बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत सोमवार से हो चुकी है और यह सत्र 4 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मणिपुर को लेकर बजट पेश करने वाली हैं। साथ ही वक्फ बोर्ड संशोधन बिल पर भी संसद की मुहर लगाई जा सकती है। विपक्षी दल मणिपुर में भड़की ताजा हिंसा, परिसीमन और भाषा विवाद को लेकर केंद्र सरकार को घेरने की तैयारी में हैं।

130 की रफ्तार से आई तबाही

बिजली के खंभे टूटे, घरों को नुकसान पहुंचा, अब चौतरफा अंधेरा

एजेंसी, ब्रिसबेन

ऑस्ट्रेलिया में आए अल्फ्रेड तूफान ने कई शहरों को भारी नुकसान पहुंचाया है। यहां 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली आंधी ने बिजली के खंडे उखाड़ दिए। कई घरों को क्षति पहुंचाई और सड़के उखाड़ दीं। अब हालात ये है कि चौतरफा अंधेरा छाया हुआ है। न बिजली है और न ही पानी की आपूर्ति हो पा रही है। एक्स-ट्रॉपिकल साइक्लोन में ब्रिस्बेन और गोल्ड कोस्ट के आसमान में तो मानो काले बादलों ने जैसे कयामत का ऐलान कर दिया था। यहां बिजली की लाइनें टूटीं, पेड़ उखड़ गए, और घरों में पानी घुस गया। ऑस्ट्रेलिया के मौसम विज्ञान ब्यूरो के अनुसार, अल्फ्रेड कैटेगरी 2 का तूफान है, जिसके केंद्र के पास 95 किलोमीटर प्रति घंटे की निरंतर हवाएं और 130 किलोमीटर प्रति घंटे तक की हवाएं चल रही हैं। इसने 'क्वींसलैंड में डबल आइलैंड पॉइंट से लेकर न्यू साउथ वेल्स में ग्राफ्टन तक, ब्रिस्बेन, गोल्ड कोस्ट, सनशाइन कोस्ट, बायरन बे और बैलिना को प्रभावित किया। वहीं ऑस्ट्रेलिया आमतौर पर ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी इलाकों में ही चक्रवात आते हैं। पिछली बार यहां गोल्ड कोस्ट क्षेत्र में चक्रवात 1974 में आया था। ऑस्ट्रेलिया का दक्षिणी भाग ज्यादा घनी आबादी वाला है, जिसमें ब्रिसबेन देश का तीसरा सबसे अधिक आबादी वाला शहर है। ऐसे में इस तूफान ने बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित किया। यहां रविवार रात जब लोग सोने की तैयारी कर रहे थे, तब आसमान से बरसता पानी और तेज हवाएं खतरे का इशारा कर रही थीं। देखते ही देखते क्वींसलैंड के कई हिस्से जलमग्न हो गए। गोल्ड कोस्ट और ब्रिस्बेन के सैकड़ों इलाकों में बिजली गुल हो गई। घरों की खिड़कियां टूटने लगीं, और लोग बेबस होकर अपने परिवार के साथ सुरक्षित जगह तलाशने लगे।



पूर्व सीएम भूपेश बघेल के घर छापा, कई ठिकानों पर ईडी ने खंगाले दस्तावेज

एजेंसी, रायपुर : 2161 करोड़ के कथित घोटाले को लेकर छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के घर पर प्रवर्तन निदेशालय का छापा पड़ा है। ईडी की टीम ने आज सोमवार की तड़के भिलाई स्थित भूपेश बघेल के निवास और चैतन्य बघेल के घर पर छापेमारी की है। मिली जानकारी के मुताबिक, प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन मामले से जुड़े कथित शराब घोटाले में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के बेटे के ठिकानों पर छापा मारा है।

होली तक मौसम भी बदलेगा रंग, पश्चिमी विक्षोभ से हो सकती है बर्फबारी व बारिश

एजेंसी, नई दिल्ली

.होली तक फिर मौसम में बदल सकता है। पहाड़ों में एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बादलों की आवाजाही के साथ बारिश की संभावना जताई जा रही है। आईएमडी के मुताबिक 14 मार्च तक जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हो सकती है। बर्फबारी से एक बार फिर न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे आ सकता है, जिससे दिन में शीतलहर जैसी स्थिति सकती है। मौसम विभाग के

मुताबिक 12 से 15 मार्च तक पंजाब और हरियाणा के कुछ इलाकों में बारिश हो सकती है। 13 से 14 मार्च तक दिल्ली-एनसीआर समेत पड़ोसी राज्यों में बादलों की आवाजाही रहेगी। इस दौरान बूंदाबांदी और हल्की बारिश हो सकती है। कमोबेश यही स्थिति यूपी, बिहार और राजस्थान के आसपास भी बनी रह सकती है। एक अनुमान के मुताबिक उत्तर पूर्व राज्यों में चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र सक्रिय होने से अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, अंडमान निकोबार द्वीप समूह, केरल और असम में हल्की बारिश हो सकती है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात के कुछ हिस्सों के साथ-साथ सिंधु-गंगा के मैदानी इलाकों में हवा तेज हो सकती है। मौसम विभाग ने दिल्ली में दिन में आसमान साफ रहने और अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान लगाया है। हालांकि, इस सप्ताह पहाड़ों में फिर से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम बदलने की संभावना है। 14 मार्च को बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश हो भी सकती है। आईएमडी के मुताबिक यूपी में 13 मार्च को 12 जिलों में बारिश की संभावना है। हल्की से मध्यम हवाएं चलने से ठंड का अहसास बना रहेगा। हालांकि, अब हवाओं की गति कम होने से दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी। बिहार में कभी गर्मी, कभी ठंड तो कभी बारिश का मौसम बना हुआ है। आईएमडी ने राज्य में बादल छाने, तेज हवाएं चलने और बिजली चमकने व गरज के साथ बारिश होने का अनुमान जताया है।

मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति का लिया जायजा, निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने का दिया निर्देश

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गांधी मैदान, पी०एम०सी०एच० और पटना विश्वविद्यालय के समीप पटना मेट्रो रेल परियोजना अन्तर्गत निर्माणाधीन कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने पटना मेट्रो रेल परियोजना की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा राजेंद्र नगर, मोइनुलहक स्टेडियम, मलाही पकड़ी, खेमनीचक, पहाड़ी पर, जीरो माइल मेट्रो स्टेशन और आई०एस०बी०टी० मेट्रो स्टेशन के निर्माण कार्यों की प्रगति के संबंध में भी अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कार्ययोजना के अनुरूप पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करायें। मेट्रो का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी, उन्हें भीड़भाड़ से छुटकारा मिलेगा।ज्ञातव्य है कि पटना मेट्रो रेल

परियोजना की स्वीकृति 27 फरवरी 2019 को दी गयी। इस परियोजना के अंतर्गत कुल 31.9 कि०मी० मेट्रो रेललाईन का निर्माण होना है, जिसमें कुल 24 स्टेशन प्रस्तावित हैं। इस परियोजना का क्रियान्वयन दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के द्वारा किया जा रहा है, जिसका पर्यवेक्षण नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार के द्वारा किया जा रहा है। भूमिगत मेट्रो लाईन के निर्माण हेतु 21 नवंबर 2023 को गांधी मैदान स्टेशन से टी०बी०एम० (टनल बोरिंग मशीन) के द्वारा कार्य प्रारंभ किया गया जो आकाशवाणी भूमिगत स्टेशन होते हुए पटना स्टेशन तक पहुंच चुकी है। मलाही पकड़ी से खेमनीचक, भूतनाथ रोड, जीरोमाईल, पाटलिपुत्र बस टर्मिनल तक पटना मेट्रो लाईन (कुल 6.01 कि0मी0) को प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लाईन को 15 अगस्त 2025 तक चालू करने का लक्ष्य निर्धारित है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, पटना के जिलाधिकारी डॉ० चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री अवकाश कुमार सहित पटना मेट्रो रेल परियोजना के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने किया पालना घर का शुभारंभ

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। बिहार सरकार के श्रम संसाधन विभाग की ओर से महिला कर्मियों की सुविधा के लिए पटना स्थित नियोजन भवन परिसर में आज से पालना घर (क्रेच) काम करने लगा है । इसका विधिवत उद्घाटन श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर सिंह ने कहा कि यह एक सराहनीय पहल है और इस पहल का उद्देश्य महिला कर्मियों को मातृत्व सहयोग प्रदान करना है जिससे वे कार्यालय समय के दौरान अपने छोटे बच्चों की उचित देखभाल सुनिश्चित कर सकें। श्रम संसाधन मंत्री ने कहा कि यह पहल विभाग में कार्यरत महिलाओं के लिए बड़ी

राहत होगी । इससे उन्हें कार्यालय में रहते हुए अपने बच्चों की देखभाल की चिंता नहीं होगी। सरकार महिला सशक्तिकरण और उनके कार्यस्थल पर अनुकूल वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह पालना घर सरकार की महिला हितैषी योजनाओं के तहत एक महत्वपूर्ण कदम है, जो कार्यरत महिलाओं को बेहतर कार्य-जीवन संतुलन प्रदान करेगा। वहीं मंत्री के द्वारा इस अवसर पर उपस्थित बच्चों को बिस्किट, टॉफी एवं अन्य उपहार भी दिए गए। उक्त अवसर पर विशेष सचिव आलोक कुमार, श्रमायुक्त राजेश भारती सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। विशेष सचिव आलोक कुमार ने नियोजन भवन में नवनिर्मित पालना घर की सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पालना घर में 1 से 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए सुरक्षित देखभाल सुविधा होगी। यह 15 से 20 बच्चों की क्षमता वाला केंद्र है। एक क्रेच वर्कर एवं एक सहायक क्रेच वर्कर की नियुक्ति की गयी है, जो बच्चों के ख्याल रखेंगी। इसके अलावा बच्चों के लिए खेलने से लेकर फीडिंग तक की समुचित व्यवस्था यहाँ की गयी है। यह पालना घर आधुनिक सुविधाओं से युक्त (टेबल, खिलौने, फीडिंग रूम, स्टोर रूम एवं आरओ) है।

संक्षिप्त समाचार

विधान परिषद् में बंशीधर वृजवासी की तारीफ करने लगे संजय मयूख

पटना। बिहार विधान परिषद् के कार्यवाही के दौरान प्रदेश में अश्लील गानों पर लगे रोक को लेकर चर्चा हुई। भाजपा एमएसली संजय मयूख ने परिषद् में कुछ एमएलसी का नाम गिनाया जिन्होंने अश्लील गानों पर रोक लगाने के लिए आवाज उठाई थी। भाजपा एमएलसी नाम गिना ही रहे थे कि बीच में राजद एमएलसी खड़े हो गए और कहने लगे कि हमने सबसे पहले इसकी मांग की थी। दरअसल, शुन्यकाल के दौरान बीजेपी एमएलसी संजय मयूख ने कहा कि कई वर्षों से मैंने, जदयू एमएलसी नीरज कुमार ने लगातार सदन में अश्लील गानों पर रोक लगाई जाए, बाद में बंशीधर वृजवासी ने भी यह सवाल उठाया कि फूहड़ गाने बंद हो। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार और बिहार पुलिस मुख्यालय ने यह निर्णय लिया है कि अश्लील गाने जो भी बजाएंगे उन्हें दंडित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सदन के माध्यम से सरकार को बधाई देना चाहिए। वहीं इसके बीच में ही राजद एमएलसी सुनील कुमार खड़े हो गए और कहने लगे कि यह मामला सबसे पहले इस सदन में हमने ही इस मामले को उठाया था कि प्रदेश में अश्लील गानों का बाढ़ क्यों है..? वहीं सभापति ने एमएलसी को रोकते हुए कहा कि इस मामले में कार्रवाई हो गई है सरकार को धन्यवाद दिया जाता है।

सदन सदस्यों के मर्जी नहीं नियम से चलेगा : स्पीकर

पटना। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने सोमवार को राजद विधायक ललित यादव के तल्ख तेवर पर उन्हें नसीहत दे दी। स्पीकर ने कहा कि सीमा में बोलिए।विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने कहा कि जिस ढंग से आप अपनी बात रखते हैं, वह स्वीकार नहीं। सदन आपकी मर्जी नहीं नियम से चलेगा। यह तरीका नहीं है बोलने का। उन्होंने कहा कि स्पीकर कभी भी दबाव में निर्णय नहीं लेता। पूरा मामला उस समय आरंभ हुआ, जब बिहार लघु उद्यमी योजना से जुड़े प्रश्न के उत्तर पर राजद ने दो मिनट के लिए सदन का वाकआउट कर दिया। उसी समय ललित यादव के प्रश्न की बारी आ गई।

होली के दिन मुस्लिम बाहर न निकलें: बचौल

पटना। बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान बीजेपी विधायक हरिभूषण बचौल के बयान पर राजनीति गरमा गई है। दरअसल, सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले बीजेपी विधायक हरिभूषण बचौल ने कहा- 'साल में 52 जुमा आता है, जबकि होली एक बार ही आती है। होली के दिन मुस्लिम बाहर न निकलें। अगर उनका दिल बड़ा हो और रंग लग जाने पर बुरा न मानें, तभी बाहर निकलें। रंग बेचने से परहेज नहीं तो रंग लगाने से परहेज क्यों। वहीं राजद के विधायक फतेह बहादुर सिंह ने कहा कि 'बीजेपी-फरर के लोग हमेशा से सौहार्द को बिगाड़ते आए हैं। आज भी बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। लोग इसके बहकावे में नहीं आएंगे। सभी मिल-जुलकर त्योहार मनाएंगे। इनका काम ही लड़वाना है। वहीं जदयू कोटे से मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि जिस तरह से जिनकी त्योहार में आस्था है। उनको वैसे मनाना चाहिए। सब मिल जुलकर त्योहार मनाएंगे। यही ज्यादा अच्छा होगा। अपनी इच्छा के अनुसार लोग धर्म और त्योहार को चुनते हैं। खुशियां मनाते हैं।

विधान परिषद् में सिद्धिकी ने नीतीश के करीब मंत्री की लगा दी क्लास

पटना। बिहार विधान परिसद् में सीएम नीतीश के खास मंत्री का बड़बोलापन उनको ही भारी पड़ गया है। परिसद् में राजद एमएलसी ने नीतीश के मंत्री का जमकर क्लास लगा दी है। दरअसल, परिषद् में पंचायती विभाग में हुई वित्तीय अनियमितता को लेकर राजद एमएलसी अब्दुल बारी सिद्दीकी से सवाल किया। उन्होंने सरकार से कहा कि डेट के साथ बताए कि इस मामले में कब कार्रवाई होगी। राजद एमएलसी ने केदार प्रसाद से इस मामले में सवाल किया, लेकिन बीच में मंत्री अशोक चौधरी बोलने लगे। जिसको लेकर राजद एमएलसी ने अशोक चौधरी की क्लास लगा दी। अशोक चौधरी को चेतावनी देते हुए राजद एमएलसी ने कहा कि आपके विभाग का सवाल नहीं है तो आप बीच में बोलने वाले आदत हो छोड़िए।

बिहार विधानमंडल के शेड्यूल में मामूली परिवर्तन, होली को लेकर ये हुआ बदलाव

पटना। बिहार विधानमंडल के शेड्यूल में मामूली परिवर्तन किया गया है। होली को लेकर विधानसभा व विधान परिषद की शेड्यूल में परिवर्तन किया गया है। 13 मार्च को होने वाली कार्यवाही अब 17 मार्च को होगी तो 17 मार्च की कार्यवाही 24 मार्च को होगी। माननीयों के उपर भी अबीर-गुलाल का असर सिर चढ़ने लगा है। होली के पर्व को देखते हुए ये परिवर्तन किया गया है। होली को लेकर विधानसभा व विधान परिषद के शेड्यूल में परिवर्तन किया गया है। बिहार विधानमंडल के बजट सत्र का आज सातवां दिन है। विधानसभा में पूरक प्रश्न लिए जा रहे हैं। वित्त विभाग के मंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को 11,187 करोड़ का थर्ड सप्लीमेंट्री बजट सदन में पेश किया था। इस बजट में सबसे अधिक 2,293 करोड़ रुपए पीएम आवास योजना में खर्च होंगे। स्टेट स्कीम मद में 4,974 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसमें सबसे अधिक मेडिकल कॉलेज अस्पताल और स्कूल के निर्माण पर खर्च किया जाएगा।

बिहार के किसी कोने से चार घंटे में पटना पहुंचने का लक्ष्य करेंगे पूरा : नीतिन

नई सोच एक्सप्रेस

» सड़कों निर्माण में गुणवत्ता से समझौता नहीं करेगी सरकार
» गया, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, बेगुसराय एवं कटिहार में भी बनेगा रिंग रोड

पटना। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन सोमवार को विधान परिषद में विपक्ष के कटौती प्रस्ताव पर चर्चा के बाद सदन में जवाब देते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए भी कई उपाय किये गये हैं। श्री नवीन ने कहा कि जेपी गंगा पथ समग्र उद्यान परियोजना के तहत गंगा नदी के किनारे दीघा से गांधी मैदान के बीच लगभग 7 किमी में पर्यटन को बढ़ावा दिया जायेगा। इसके लिए 49.7 हेक्टेयर भूमि के 90 प्रतिशत भाग में हरित क्षेत्र विकसित करने किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पांच घंटे में राजधानी पटना पहुंचने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। अब सुदूरवर्ती क्षेत्रों से चार घंटे में राजधानी पटना पहुंचने के लक्ष्य को पाने के लिए तेजी से काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता से किसी सूरत में समझौता नहीं किया जायेगा। साथ गुणवत्ता की अनदेखी करने वाले किसी शख्स को बख्शा भी नहीं जायेगा। मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई की जायेगी। प्रदेश में सुगम आवागम के लिए पटना की तर्ज पर गया, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, बेगुसराय एवं कटिहार में भी रिंग रोड का निर्माण कराया जायेगा। केंद्र सरकार से इस दिशा में सहमति मिलने का प्रयास तेज कर दिया गया है। कहा कि विकसित भारत के साथ ही विकसित बिहार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए डबल इंजन की सरकार आधारभूत संरचनाओं के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल के कारण ही प्रदेश में सड़कों और पुलों का जाल बिछा है। प्रदेश की सड़कों पर वाहन फर्राटे भर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ब्रिज मेंटेनेंस पालिसी जल्द ही लायेगी। साथ ही हाईब्रिड एन्युटि मॉडल भी लागू किया जायेगा। शेष भूमि में मूलभूत सुविधाओं सहित रिवरफ्रंट, वानस्पतिक उद्यान, तितली उद्यान, फूड कोर्ट, अर्बन महिला हाट, पैदल पथ, साइकिल ट्रैक, पार्किंग आदि की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। इससे राजधानी पटना में पर्यावरण संरक्षण में भी काफी सहायोग मिलेगा। मंत्री ने कहा कि विभाग में रिक्त पदों को भरने की कार्रवाई तेजी से सरकार कर रही है। इसके तहत 28 सहायक अभियंता सिविल की नियुक्ति के लिए बीपीएससी की अनुशंसा के बाद कार्रवाई की जा चुकी है। इसके अलावा 488 कनीय अभियंताओं को नियुक्त किया गया है। कहा कि कनीय अभियंता असैनिक के 409 और मैकेनिकल कनीय अभियंता के 10 रिक्त पदों पर नियुक्ति की कार्रवाई की जायगी। 129 सहायक अभियंताओं की नियुक्ति और रोस्टर क्लीयरेंस के लिए समान्य प्रशासन को अधियाचना भेजी गयी है। चर्चा में भाजपा के एमएलसी तरुण कुमार, जीवन कुमार, कांग्रेस के डॉ समीर कुमार सिंह, जदयू की कुमुद वर्मा व भाकपा माले की शशि यादव ने भाग लेते हुए कई सुझाव दिये। इसके अलावा सदन में पंचायती राज विभाग व एससी-उसटी कल्याण विभाग के बजट पर भी चर्चा हुई।

बिहार के सरकारी कर्मचारियों के ग्रेच्यूटी बढ़ेगी, सदन में सरकार ने कर दिया ऐलान

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। केंद्रीय कर्मचारियों की ग्रेच्यूटी को 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख किए जाने के बाद बिहार के सरकारी कर्मियों की ग्रेच्यूटी बढ़ाने को लेकर नीतीश सरकार ने अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी। विधानसभा में सरकार ने यह साफ कर दिया है कि केंद्र की नीतियों को मानना सरकार की बाध्यता नहीं है।सदन में सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान जमालपुर विधायक के सवाल का जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री ने जवाब देते हुए बताया कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार की नीति में अंतर है। राज्य सरकार की अपनी नियमावली होती है।बता दें कि जमालपुर के विधायक अजय कुमार सिंह ने इस प्रश्न को उठाया था। उन्होंने कहा कि सातवें वेतन आयोग के वेतन पुनरीक्षण के क्रम में उपादान की राशि 20 लाख रुपए निर्धारित करते हुए यह अनुशंसा की गयी थी कि मंहगाई भत्ता 50 प्रतिशत या उससे अधिक होने पर उपादान की राशि 25 लाख रुपए कर दी जाएगी। इस आधार पर केंद्र सरकार द्वारा उपादान की राशि 25 लाख रुपए निर्धारित की गयी है। पर राज्य सरकार द्वारा उपादान की संशोधित राशि को अब तक राज्य कर्मियों के लिए लागू नहीं किया गया है। वित्त विभाग का इस बारे में एक संकल्प भी है और राज्यकर्मियों के साथ राज्य सरकापर ने एक समझौता भी किया था। प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सातवें वेतन आयोग की सुविधा राज्य कर्मियों को दी जा रही है।

श्रम संसाधन मंत्री, संतोष कुमार सिंह ने प्रवासी श्रमिकों के हितों को लेकर पूछे गए प्रश्न के अलोक में दिया माकूल जबाब

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। सप्तदश बिहार विधान सभा के चल रहे चतुर्दश सत्र में आज दिनांक-10.03.2025 को श्री अख्तरूल ईमान माननीय सदस्य, बिहार विधान सभा द्वारा लाये गये ध्यानाकर्षण सूचना संख्या-06/25-159 के जबाव में माननीय मंत्री, श्रम संसाधन विभाग द्वारा सदन को बताया गया कि बिहार राज्य के बाहर काम करने हेतु गये प्रवासी श्रमिकों के दुर्घटना मृत्यु की स्थिति में मृत प्रवासी श्रमिक के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक आवास तक पहुँचाने पर व्यय श्रम संसाधन विभाग द्वारा किया जाता है। इसके साथ ही विपदा में फंसे प्रवासी मजदूरों को घर वापस लाने का व्यय भी श्रम संसाधन विभाग द्वारा किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में उक्त कार्य हेतु कुल रूपये 86,50,000/- के बजट का प्रावधान है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 47 मृत प्रवासी श्रमिकों के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक आवास तक पहुँचाया गया है। जिसमें 36 देश के अन्य राज्यों से और विदेश (11) लोगों को लाया गया है, माननीय मंत्री ने यह भी बताया कि आपके जिले किशनगंज के दो लोगों कोचाधामन प्रखंड के श्री हसमत आलम, तेरागाछ के श्री चन्दन प्रसाद मंडल को लाया गया है। माननीय मंत्री द्वारा बत्ताया गया कि प्रवासी श्रमिकों को राज्य से बाहर सहायता प्रदान करने हेतु बिहार भवन, नई दिल्ली में "प्रवासी श्रमिक केन्द्र" स्थापित है। प्रवासी श्रमिकों से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं किसी भी मामले के अनुश्रवण हेतु बिहार श्रम सेवा (सामान्य) संवर्ग में सहायक श्रमायुक्त (प्रवासी) एवं श्रग अधीक्षक (प्रवासी) का पद सृजित है। विपदा में फंसे हुए प्रवासी श्रमिकों के परिजन द्वारा आकस्मिक स्थिति में बिहार भवन, नई दिल्ली में स्थापित प्रवासी हेल्प लाईन नम्बर 7217788114 अथवा नियोजन भवन, पटना में स्थापित टॉल फ्री नम्बर 18002965656 पर संपर्क स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य में श्रमिकों के लिए प्रवासी संसाधन-सह-परामर्श स्थापित किया गया है, जिसका सुचारु प्रबंधन सुनिश्चित करते हुए श्रमिकों के रिकॉड का भी संधारण किया जा रह है, साथ ही निबंधित श्रमिकों को बिहार कौशल विकास द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों से भी अवगत कराये जाने के साथ श्रमिकों के बच्चों को भी प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जोड़ जाने की प्रक्रिया भी अपनाई जा रही है। श्रम संसाधन विभाग बिहार सरकार, प्रदेश के श्रमिकों और युवाओं के हितार्थ निरंतर कार्यरत है।

बिहार में बढ़ते अपराध भ्रष्टाचार को लेकर राष्ट्रीय जनता दल के विधान पार्षदों ने किया प्रदर्शन

नई सोच एक्सप्रेस

» क्या बीजेपी विधायक के बयान पर मुख्यमंत्री उन्हें फटकार लगाएंगे : तेजस्वी
» प्रधानमंत्री को हिम्मत है तो पूरा देश से मुसलमानों को भगाकर दिखाए : राबड़ी
» कैसा सुशासन जहां पर अपराध और भ्रष्टाचार में सरकार ही डूबी है : सिद्धिकी

पटना। बिहार विधान परिषद की कार्रवाई शुरू होते ही बिहार में बढ़ते अपराध भ्रष्टाचार को लेकर राष्ट्रीय जनता दल के विधान पार्षदों ने विधान परिषद पोटिगो में जोरदार प्रदर्शन किया। पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के नेतृत्व में सभी विपक्ष के विधान पार्षद ने प्रदर्शन किया। बीजेपी विधायक हरीभूषण ठाकुर बचौल के बयान पर बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मांग की है कि भाजपा विधायक पर कार्रवाई करने की मांग की है। तेजस्वी यादव ने कहा कि सदन के अंदर जब महिला विधायक जमीन से जुड़ी सवाल करती है तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सदन में उन्हें फटकार लगाते देरी नहीं करते हैं तो क्या बीजेपी विधायक के बयान पर मुख्यमंत्री उन्हें फटकार लगाएंगे। तेजस्वी यादव ने कहा कि जो लोग समाज में जहर फैला रहे हैं उन्हें रोकने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की हिम्मत दिखाइए उनके बयान पर अपनी चुप्पी तोड़िए सिर्फ कुर्सी के जुगाड़ में ही मत रहिए। प्रदर्शन को लेकर राजद के वरिष्ठ नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी ने कहा कि बिहार में अपराध भ्रष्टाचार को लेकर सरकार पर हमला बोला है। सिद्दीकी ने कहा कि नीतीश कुमार कहते हैं बिहार में सुशासन की सरकार है लेकिन यह कैसा सुशासन जहां पर अपराध और भ्रष्टाचार में सरकार ही डूबी है यदि सरकार इसको सुशासन की सरकार कहती है तो बिहार की जनता को ऐसी सरकार नहीं चाहिए। बीजेपी विधायक हरीभूषण ठाकुर बचौल के बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने कहा कि बिहार की जनता भाजपा को देश और बिहार से भगाएंगे। राबड़ी देवी ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री को हिम्मत है तो पूरा देश से मुसलमानों को भगाकर दिखाए, राष्ट्रीय बनाने का काम करें। बताते चलें कि भाजपा विधायक हरीभूषण ठाकुर बचौल ने होली को लेकर कहा है कि होली के दिन मुसलमान भाई घर से बाहर न निकले जिस पर राबड़ी देवी ने पलटवार किया है। हरिभूषण ठाकुर बचौल के होली पर मुसलमानों को घर से बाहर नहीं निकलने के बयान पर राजद के एमएलसी कारी शोएब ने कहा ये सब आगल पागल है।कुछ है पेचिस है कुछ भी बोलना है, बिहार में सभी धर्म के लोग मिल जुलकर मनाते है।ये लोग इतनी नफरत लाते कहा से है, ये खुद ही कह रहे है जो मुख्यमंत्री कहते दे पहले कुछ था जी, ये लोग पहले ऐसे बोलते थे। ऐसे लोगो को समाज नकार चुका है है, नीतीश कुमार का भगवाकरण हो चुका है।

मोदी पटना में कई योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे : शोभा पटेल

नई सोच एक्सप्रेस

फतुहा। भाजपा के पूर्व मीडिया प्रभारी शोभा पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अप्रैल में पटना आएंगे। बिहार यात्रा में मोदी प्रदेशवासियों को कई योजनाओं का उपहार देंगे। पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे वहीं बिहटा एयरपोर्ट का शिलान्यास करने के साथ कई नई योजनाओं का भी शुभारंभ कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने प्रधानमंत्री से फरवरी में भागलपुर यात्रा के दौरान अप्रैल में पटना ने कगार किया था हालांकि अभी तक तिथि तय नहीं हुई है। शोभा ने कहा की बिहार के विकास के लिए पीएम और कम प्रतिबंध है। विधानसभा चुनाव के पहले सरकारी नौकरी देने का वादा डबल इंजन सरकार पूरी करेगी। इसमें 12 लाख सरकारी नौकरी और 38 लाख रोजगार दिए जाएंगे, सरकार का लक्ष्य है कि 2027 तक किसी भी जिले से 4 घंटे में लोग पटना पहुंच जाएंगे अभी 5 घंटे का समय लगभग लगता है। शोभा पटेल

ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को चुनाव की तैयारी में लग जाना है तथा मोदी जी द्वारा चलाई जा रही है सभी योजनाओं को घर का तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा की ओर से एक बैठक कर , आदित्य नाथ योगी, मोहन यादव,रेखा गुप्ता के तरह को बुलडोजर क्षमता रखने वाले विधायक उम्मीदवार बनाया जाए जो मुख्यमंत्री का कमान संभालेंगे के काबिल हो।

बार बार चुनाव होने से छात्रों के भविष्य पर पड़ रहा असर : प्रो. रणबीर नंदन

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। एक राष्ट्र एक चुनाव चुनाव अभियान के राज्य संयोजक व पूर्व विधान पार्षद प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि देश में बार बार चुनाव होने से छात्रों के भविष्य पर असर पड़ता है। उनके रोजगार व देश के विकास के लिए जमा राशि बार -बार चुनाव में बर्बाद होती है। बार चुनाव होने से शिक्षकों को मतदाता सूची पुनरीक्षण व चुनाव कार्य में चले जाने से स्कूल व कॉलेजों में बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है। प्रो. रणबीर नंदन सोमवार को राजधानी के टीपीएस कॉलेज में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर आयोजित छात्र-शिक्षक-कमर्चारी परिचर्चा को संबोधित कर रहे थे। प्रो. नंदन ने कहा कि देश में बार-बार चुनाव होने से देश की जनता सफर कर रही है और आचार संहिता की वजह से विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। प्रो. नंदन ने

कहा कि आजादी के बाद 1952 से लेकर 1967 तक लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव हो रहे थे। मगर किसी खास पार्टी की वजह से देश में बार-बार चुनाव का नौबत आया। उन्होंने बताया कि 1998 के लोस चुनाव में 9 हजार करोड़, 1999 के लोकसभा चुनाव में 10 हजार करोड़, 2009 के लोस चुनाव मे 20 हजार करोड़, 2014 के लोस चुनाव में 30 हजार करोड़, 2019 के लोस चुनाव में 60 हजार करोड़ व 2024 के लोकसभा चुनाव में 1लाख 20 हजार करोड़ खर्च हुए। उन्होंने कहा कि अगर ये पैसा बचता है तो युवाओं के रोजगार व देश के विकास में खर्च होगा। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे टीपीएस कॉलेज के प्राचार्य प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने केन्द्र सरकार से आग्रह किया कि वह सारी बाधाओं को दूर कर पूरे देश में जल्द से जल्द लोकसभा व विधानसभा चुनाव कराये। उन्होंने कहा कि यह परिचर्चा अपने आप में ऐसा कार्यक्रम है जहां उनके कॉलेज के छात्र-छात्राएं, शिक्षक व कर्मचारी एकजुट होकर चिंतन कर रहे हैं। इस परिचर्चा कार्यक्रम का संचालन छात्र नेता अंकित तिवारी, स्वागत शिवम परासर व धन्यवाद ज्ञापन मनीष कुमार ने किया। इस मौके कॉलेज के शिक्षक विजय कुमार सिन्हा, अबु बकर रिजवी, प्रो मनोज कुमार, प्रो व्यंकटेश कुमार, कर्मचारी संघ के दीपक कुमार, भाजपा नेता सुनील सेवक, मधु सिंह,अविनाश कुमार , सुनील कुमार, चंदन सिंह, रोहित सिंह, सुमन सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक छात्र व कर्मचारियों ने संबोधित किया।

संक्षिप्त समाचार

नवशक्ति निकेतन ने प्रो.शहनाज फातमी को लाइफ टाइम अचीवेंट पुरस्कार से किया अंलकृत

पटना। सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था नवशक्ति निकेतन ने कालजयी शायर खान बहादुर सैयद मोहम्मद शाद अजीमाबादी की परपोती प्रो. शहनाज फातमी को लाइफ टाइम अचीवेंट पुरस्कार से अंलकृत किया है। नवशक्ति निकेतन के महासचिव कमलनयन श्रीवास्तव ने हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रो.शहनाज फातमीको लाइफ टाइम अचीवेंट पुरस्कार से सम्मानित किया है। श्री कमल नयन श्रीवास्तव और सुप्रसिद्ध साहित्यकार मधुरेश नारायण ने प्रो. शहनाज फातमी को शॉल, मोमोंटो, सर्टिफिकेट और पौधा देकर सम्मानित किया और उनके सुखद भविष्य की कामना की।हिन्दी और उर्दू की वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. शहनाज फातमी ने सात उपन्यास, एक कहानी संग्रह और अंग्रेजी में एक किताब लिखने के साथ ही उर्दू की कई किताबों को हिन्दी में अनुवाद किया है। वह हाल के दिनों में पटना में रहती थी लेकिन वह अब दिल्ली शिफ्ट हो गयी हैं।

सेपक टकरॉ वर्ल्ड कप की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार बिहार

पटना। खेल विभाग, बिहार पटना, में आज विभागीय अधिकारियों के साथ हुई बैठक में अपर मुख्य सचिव ने सेपक टकरॉ वर्ल्ड कप के बारे में चर्चा की। सेपक टकरा वर्ल्ड कप 2025 नजदीक आने के साथ ही खेल विभाग ने 20 देशों और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की मेजबानी के लिए पूरी तैयारी कर ली है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 20 से 25 मार्च 2025 तक पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगा। खेल विभाग द्वारा सभी आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं, खिलाड़ियों के लिए आवश्यक सुविधाएं, सुरक्षा प्रबंध और आयोजन से जुड़ी अन्य व्यवस्थाएं शामिल हैं। इस विश्व स्तरीय आयोजन से बिहार को अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर नई पहचान मिलेगी और प्रदेश में खेलों के विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। ग्राम पंचायत और नगर पंचायत खेल क्लब आवेदन की तिथि 15 मार्च 2025 तक बढ़ाई गई अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि ग्राम पंचायत और नगर पंचायत खेल क्लबों के आवेदन की अंतिम तिथि 15 मार्च 2025 तक बढ़ा दी गई है। जो ग्राम पंचायतें अब तक आवेदन नहीं कर पाई हैं, उनके पास अब आवेदन करने का अवसर है। इस पहल का उद्देश्य सभी ग्राम पंचायतों और नगर पंचायतों से अधिकतम आवेदन प्राप्त करना है। अधिकांश पंचायतों से आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, लेकिन जो अभी लंबित हैं, उनके लिए यह एक और मौका है।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स 5 जिले में होगी आयोजित–खेलो इंडिया यूथ गेम्स और पांच जिलों - बेगूसराय, भागलपुर, राजगीर, गया और पटना में खेल अवसंरचना विकास भी प्राथमिकता में शामिल है। इन परियोजनाओं की प्रगति का निरीक्षण करने के लिए अपर मुख्य सचिव स्वयं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक और खेल निदेशक के साथ स्थल भ्रमण करेंगे।

डैशबोर्ड के माध्यम से होगा नियंत्रण–खेल विभाग बिहार में चल रही विभिन्न खेल अवसंरचना परियोजनाओं की वास्तविक समय में निगरानी सुनिश्चित करने के लिए एक नया डैशबोर्ड विकसित करेगा। इस डैशबोर्ड के माध्यम से जिला खेल पदाधिकारी और अन्य फील्ड अधिकारी खेल अवसंरचना निर्माण और रखरखाव की रीयल-टाइम छवियां नियमित रूप से साझा करेंगे। इससे परियोजनाओं की प्रगति पर प्रभावी निगरानी सुनिश्चित होगी।

बिदूपुर प्रमुख ने आयोजित की होली मिलन समारोह

हाजीपुर। बिदुपुर प्रखण्ड प्रमुख ने अपने निवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में बत्तीस पंचायत के सभी पंचायत समिति समेत विभिन्न दलों के प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया। प्रमुख फूल कुमारी देवी ने कहा कि होली मिलन समारोह का उद्देश्य राजनैतिक नहीं है,बल्कि शुद्ध रूप से सामाजिक है। प्रमुख प्रतिनिधि नीलमणि ने कहा कि त्योहार लोगो को जोड़ते है। आयोजन का उद्देश्य लोगो को जोड़ना होता है। हम प्रमुख जरूर है पर हमारे सभी प्रतिनिधि मित्र जो अपनी राजनैतिक प्रतिबद्धता के कारण अलग भी है और जो साथ है वो सब हमारे मित्र हैं। हमारे हाथ है,हमारी शक्ति है। कार्यक्रम मे कमाल पुर पंचायत प्रतिनिधि रूपेश कुमार सिंह, गुंजेश सिंह, नरेश पासवान प० समिति सैदपुर गणेश,रामबच्चन राय मुखिया कंचनपुर अरुण साह मुखिया कथौलिया,अशर्फी राय पूर्व मुखिया , रुपेश सिंह समिति शीतल पुर कमालपुर बटोरन पडित समिति ,मथुरा अंजू देवी उप प्रमूख, पूजा राय समिति नावानगर,रमन सिंह,विधान-चन्द्र राय बाजितपुर,मनोज सिंह, राजीव सिंहशिवनाथ भगत पूर्व मुखिया कथौलिया, रामएकवाल शिक्षक , हेरब्रिज शिक्षक, रणजीत पासवान, ग्रामीण आवास सहायक पंकज कुमार समेत कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

पटना में पहली बार 101 पुरुषों को मिला पुरुष प्रतिभा सम्मान- 2025

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। द टाइगर इवेंट्स और केंद्रीय मानवाधिकार के सौजन्य से पहली बार पुरुष प्रतिभा सम्मान 2025 का आयोजन दिल्ली दरबार रिसोर्ट पटना मे संपन्न हुआ जिसमें पूरे भारतवर्ष के 101 लोगों को ,जिन्होंने अपनी प्रतिभा पर अपनी पहचान बनाई है, उन्हें पुरुष प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। द टाइगर इवेंट के डायरेक्टर केशरी टाइगर और सेंट्रल ह्यूमन राइट्स के बिहार सेक्रेटरी रिपु राज ने बताया है कि पूरे भारत में बहुत सारे ऐसे पुरुष हैं जिन्होंने अपने प्रतिभा अपनी लगन,संघर्ष मेहनत और जूनून से अपने नाम की पहचान बनाई है वह अपने कार्य से अपने समाज, गांव,जिला,राज्य एवं देश में मिशाल कायम किया है, ऐसे प्रतिभाशाली 101 पुरुष को पुरुष प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया है।। यह पुरुष प्रतिभा सम्मान उस व्यक्ति के लिए है। जिसने अपने कार्यों द्वारा समाज या विश्व के उत्थान तथा विकास में कोई महत्वपूर्ण योगदान दिया है कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से की गयी और दीप प्रज्वलित किया गया।इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पटना की मेयर सीता साहू, और डिप्टी मेयर रेशमी चंद्रवंशी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में विनोद कुमार विद्यार्थी, शिशिर कुमार, अपना संसार के डायरेक्टर राजू कुमार, अलका मिश्रा, ज्योति मिश्रा, निभा हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ उत्तम पाठक, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर बीडी शर्मा, प्रथम भूमिहार महिला संगठन फाउंडर उषा सिन्हा, पंकज कुमार, डॉ रंजीत कुमार,भरोसा सिक्योरिटी एंड मैनेजमेंट सर्विस के डायरेक्टर अजय सिंह, यूनाईटेड न्यूज ऑफ इंडिया के उप संपादक प्रेम कुमार, ब्रजेश कुमार,डॉ रंजीत कुमार, नीता सिन्हा तथा कई माननीय लोग मौजूद रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सोनिया सिंह, अजनबी आकाश, राहुल राय, शशि कुमार,जयंती सिन्हा तथा द टाइगर इवेंट की पूरी टीम मेंबर का बहुत बड़ा योगदान रहा।केशरी टाइगर और रिपु राज ने आमंत्रित सभी लोगों को विशेष आभार प्रकट किया और कहा कि आप लोग के सहयोग से और जितने भी प्रतिभागी लोग आए हैं उनके भी सहयोग से हमारा यह कार्यक्रम सफल रहा।कार्यक्रम के संपन्न होने के बाद होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन केसरी टाइगर और अजनबी आकाश ने संयक्त रूप से किया। सभी आंगतुक अतिथि और अवार्डी को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है, जिसमें लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

होली में किया हुड़दंग तो पुलिस करेगी तंग

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। सामाजिक सौहार्द एवं रंगों के त्योहार होली को शांतिपूर्ण सामाजिक समरसता के साथ मनाएं ।सड़कों पर हुड़दंग करते पकड़े जाने पर हुल्लड़वाजों को जेल भेजा जाएगा। बाइकर्स के बाइक जप्त कर उन पर जुर्माना भी लगाया जाएगा । सीसीटीवी के जरिए हुड़दगियों पर पुलिस की निगाह रहेगी ।उनके खिलाफ प्राथमिक की दर्ज कर वे जहां कहीं भी छिपेंगे पुलिस उनका गरदन दबोचेगी। अगमकुआं थाना शांति समिति की बैठक में अगम कुआं के थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने यह जानकारी दी। थानाध्यक्ष सिंह ने बताया कि किसी भी कीमत पर डीजे नहीं बजेगा। भोजपुरी गाना के बजाने पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से कहा कि वह भी अपने-अपने मोहल्ले /इलाके में सक्रिय रहे। किसी प्रकार की सूचना उन्हें सीधे मोबाइल पर दे तत्काल कार्रवाई होगी। इस बैठक में प्रसिद्ध समाजसेवी एवं भारतीय खाद्य निगम के पूर्व क्षेत्रीय पर प्रबंधक ज्ञानचंद यादव, सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन श्याम नाथ सिंह एवं वरीय वार्डन अरुण कुमार ,कांग्रेस नेता मिथिलेश कुमार सिंह ,भाजपा नेता हीरा सिंह ,संजीव कुमार उर्फ जय हिंद एवं मुन्ना कुमार इत्यादि ने भाग लिया।

हिमालया वेलनेस ने लॉन्च किया हिमालया वंडरवुमन

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। इस अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर, भारत के नंबर 1 फेस वॉश ब्रांड, हिमालया वेलनेस ने गर्व से हिमालया वंडरवुमन प्रोजेक्ट के लॉन्च की घोषणा की, जो युवा लड़कियों को चुनौतियों से ऊपर उठकर अपने चुने हुए क्षेत्रों में नंबर 1 बनने के लिए सशक्त बनाने के लिए समर्पित पहल है। इस दृष्टिकोण को जीवंत करने के लिए हिमालया ने 2024 महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) महिला टीम के साथ साझेदारी की है, जो उभरती हुई युवा महिला क्रिकेटरों को उनके खेल आइडियल से विशेष प्रशिक्षण और मेंटरशिप सत्र का खास अवसर प्रदान करता है। हिमालया वंडरवुमन प्रोजेक्ट का उद्देश्य है कि युवा लड़कियों और वास्तविक जीवन को खासकर खेल और अन्य क्षेत्रों में महिला रोल मॉडलों से जुड़ने का अवसर मिल सके, ताकि महत्वाकांक्षा और अवसर के बीच की खाई को पाटी जा सके। मेंटरशिप, संसाधनों तक पहुंच और ठोस दीर्घकालिक समर्थन के माध्यम से, यह पहल अगली पीढ़ी की महिला नेताओं और एथलीटों की प्रेरित और सशक्त बनाने के लिए तैयार है। लॉन्च इवेंट के अंतर्गत, बेंगलुरु स्थित एक क्रिकेट अकादमी की 15 युवा महिला क्रिकेटरों को आरसीबी महिला टीम के शीर्ष खिलाड़ियों के साथ एक विशेष प्रशिक्षण सत्र के लिए आमंत्रित किया गया। इन खिलाड़ियों में स्मृति मंधाना, एलिस पेरी, श्रेयांका पाटिल और अन्य खिलाड़ी शामिल थीं। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए, हिमालया वेलनेस के बिजनेस डायरेक्टर, राजेश कृष्णमूर्ति ने कहा, "हमारा मानना है कि हर लड़की में अपने आप में एक अग्रणी, एक नेता, एक अद्भुत महिला बनने की क्षमता है। पिछले 25 वर्षों से, हिमालया भारत में युवा महिलाओं के लिए सबसे विश्वसनीय स्किनकेयर ब्रांड रहा है, जो हर चुनौती- बड़ी या छोटी में उनके साथ खड़ा है। हिमालया वेलनेस इस वर्ष भारत के स्कूलों में 500,000 से अधिक लड़कियों तक हिमालया वंडरवुमन प्रोजेक्ट ले जाने के लिए तैयार है, ताकि उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए आवश्यक संसाधन और प्रोत्साहन मिले।

पटना में थाना के पास ही युवक की गोली मारकर हत्या

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। राजधानी पटना के कोतवाली थाना के पास ही आज सुबह 10:00 बजे एक युवक की अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। युवक का नाम राजेश कुमार बताया जाता है जो कदमकुआं थाना क्षेत्र के चूड़ी गली का रहने वाला था। पुलिस ने घटना स्थल से एक खाली कारतूस एवं मृतक का स्कूटर बरामद किया हत्या की यह वारदात सोमवार की सुबह 10:00 बजे कोतवाली थाना क्षेत्र से महज 150 मीटर की दूरी पर स्थित बुद्ध मार्ग के भारत स्काउट एंड गाइड के कैंपस में हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश कुमार इलेक्ट्रिक का काम करता था। स्काउट एंड गाइड में आज सुबह उसे इलेक्ट्रिक का काम करने के लिए बुलाया गया था। वहां पहुंचकर उसने अपना इलेक्ट्रिकल सामान रखा और ज्योंहि ही अपने स्कूटर से कैंपस से बाहर जाने लगा कि घात लगाए अपराधियों ने उसके सर में गोली मार दी । घटना की जानकारी होते हैं कोतवाली पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और राजेश को अस्पताल भिजवाया। लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाली के थाना अध्यक्ष राजन कुमार और डीएसपी विधि व्यवस्था कृष्ण मुरारी गुप्ता भी तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे। मामले की छानबीन शुरू कर दी। डीएसपी श्री गुप्ता ने बताया कि कैंपस से बाहर निकलते वक्त राजेश की एक व्यक्ति के साथ नोक झोंक हुई थी और इसके बाद उसे गोली मारी गई। बुद्ध मार्ग में कोतवाली थाना के समीप दिनदहाड़े हुई इस हत्या से खलबली मच गई। आसपास के मोहल्लों से सैकड़ो लोग घटना स्थल पर पहुंचे। थाना अध्यक्ष कोतवाली ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जा रहा है। बहुत जल्द अपराधियों को पुलिस गिरफ्त मिलेगी।

लोकगायक आलोक पांडे गोपाल को थावे विद्यापीठ ने दी डॉक्टरेट की मानद उपाधि

नई सोच एक्सप्रेस

» भारतीय लोकसंस्कृति के वैश्विक प्रचार-प्रसार में अतुलनीय योगदान का सम्मान

सोनपुर। अपने सुरों से भोजपुरी लोकगायन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाले प्रख्यात लोकगायक आलोक पांडे गोपाल को थावे विद्यापीठ द्वारा विद्या वाचस्पति (डॉक्टरेट) की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें भारतीय लोकसंस्कृति के वैश्विक स्तर पर प्रचार-प्रसार, हिंदी एवं भोजपुरी साहित्य के संरक्षण और संवर्धन में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया।रविवार, 9 मार्च 2025 को बाबा हरिहरनाथ मंदिर, सोनपुर में थावे विद्यापीठ के विशेष अधिवेशन के दौरान यह उपाधि प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यापीठ के कुलपति डॉ. विनय पाठक, कुलसचिव डॉ. पी. एस. दयाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजय पासवान, प्रति-कुलपति जंग बहादुर पांडे और डॉ. अरविंद सहित कई गणमान्य हस्तियां उपस्थित रहीं।इस सम्मान से आलोक पांडे गोपाल के प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह है। सोशल मीडिया और फोन पर बधाइयों का तांता लगा हुआ है।एक दशक से ज्यादा समय से भोजपुरी संगीत में कर रहे हैं योगदान बिहार के सिवान जिले के बंगरा उज्जैन निवासी आलोक पांडे गोपाल पिछले एक दशक से पारंपरिक लोकगायन के जरिए भोजपुरी संगीत को नए मुकाम तक ले जा रहे हैं। सुरसंग्राम (महुआ चैनल) और दूरदर्शन किसान चैनल के प्रतिष्ठित शो फोक स्टार "माटी के लाल" के विजेता रह चुके आलोक पांडे गोपाल अपनी सुरीली आवाज और ओजपूर्ण गायकी के लिए जाने जाते हैं।उनके गाए गीत न केवल भोजपुरी प्रेमियों के बीच लोकप्रिय हैं, बल्कि उन्होंने देश-विदेश में भी अपनी गायकी का परचम लहराया है। आलोक पांडे गोपाल भोजपुरी गौरव सम्मान, भिखारी ठाकुर सम्मान, पूर्वांचल गौरव सम्मान, मदन मोहन मालवीय सम्मान और महर्षि भृगु सम्मान जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों से भी सम्मानित हो चुके हैं।भोजपुरी गायन के सितारे, जिनकी आवाज पर मुग्ध हैं दिग्गज कलाकार उनकी लोकगायकी की प्रशंसा पद्म विभूषण पंडित हरिप्रसाद चौरसिया, पद्मश्री राजेश्वर आचार्य, पद्म भूषण शारदा सिन्हा, पद्मश्री मालिनी अवस्थी, फिल्म अभिनेता अन्नू कपूर, रवि किशन और मनोज तिवारी जैसे दिग्गज भी कर चुके हैं।सुपरहिट गाने, जो बने जन-जन की पसंद आलोक पांडे गोपाल के कई गाने भोजपुरी संगीत प्रेमियों के बीच सुपरहिट रहे हैं। उनके कुछ चर्चित गाने हैं:"तू राजा बाबू हउवा""केहू केतनो दुलारी, बाकी माई ना होई"इन गीतों को यूट्यूब पर करोड़ों लोगों ने देखा और सुना है। उनका "आलोक पांडे गोपाल", "थाती – द सोल ऑफ फोक" और "अमर राग" यूट्यूब चैनल भी बेहद लोकप्रिय है, जहां वे पारंपरिक और नए भोजपुरी गीतों को प्रस्तुत करते हैं।संगीत की विरासत और परिवार का योगदानसंगीत की विरासत उन्हें अपने परिवार से मिली है। उनके पिता शास्त्रीय गायक पंडित रामेश्वर पांडे ने बचपन से ही उन्हें संगीत की बारीकियां सिखाईं। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (BHU) के विद्वानों से भी उन्होंने संगीत गायन की शिक्षा प्राप्त की। उनके छोटे भाई अरविंद पांडे कुशल तबला वादक हैं। इस प्रकार, उनका पूरा परिवार संगीत साधना में रचा-बसा है।फोक स्टार से डॉक्टरेट की उपाधि तक का सफर,आलोक पांडे गोपाल न सिर्फ भोजपुरी संगीत के संवर्धन में जुटे हैं, बल्कि उन्होंने विभिन्न भक्ति और लोक संगीत कार्यक्रमों का मंच संचालन भी किया है। जिनमें प्रमुख हैं: भक्ति सम्राट – जुनून संगीत का माटी के लाल – फोक स्टार,भक्ति सागर,जय दुर्गे मैया,माई जगदंबा हो,प्रभु संग प्रीत लगाईं,उनकी संगीत यात्रा संघर्ष और समर्पण की कहानी है, जो आने वाली पीढ़ी के कलाकारों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।डॉक्टरेट की मानद उपाधि मिलने पर आलोक पांडे गोपाल ने कहा"यह सम्मान मेरे लिए गर्व की बात है। मैं इसे अपने माता-पिता, गुरुजनों और उन सभी भोजपुरी प्रेमियों को समर्पित करता हूं, जिनके प्यार और आशीर्वाद ने मुझे इस मुकाम तक पहुंचाया। भोजपुरी लोकसंस्कृति को आगे बढ़ाना मेरा संकल्प है, और मैं इसे पूरी निष्ठा से निभाता रहूंगा।"भविष्य में वे भोजपुरी लोकसंगीत को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर ले जाने और नई पीढ़ी को इससे जोड़ने की दिशा में काम करना चाहते हैं। उनका मानना है कि भोजपुरी संगीत सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा है।आलोक पांडे गोपाल की संगीत यात्रा यह साबित करती है कि समर्पण और कड़ी मेहनत से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। थावे विद्यापीठ द्वारा उन्हें दी गई डॉक्टरेट की उपाधि केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि भोजपुरी संगीत और संस्कृति के प्रति उनके योगदान की स्वीकृति है।उनका यह सफर न केवल भोजपुरी संगीत प्रेमियों के लिए गर्व की बात है, बल्कि पूरे बिहार के लिए भी सम्मान की बात है।

छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बिखेरा जलवा

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। श्री अरविंद महिला कॉलेज, पटना में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की अंतर-महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता 2025 – छात्रा वर्ग संगीत प्रतियोगिता का आयोजन पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के तत्वावधान में अंतर-महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता 2025 के अंतर्गत छात्रा वर्ग संगीत प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और मंगलाचरण से हुई, जिसमें कॉलेज की प्राचार्या प्रो. साधना ठाकुर एवं विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया।प्राचार्या प्रो. साधना ठाकुर ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न महाविद्यालयों को प्रतियोगिताओं के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपना सांस्कृतिक समरसता को प्रोत्साहित करता है। यह मंच छात्राओं की प्रतिभा को निखारने और उनके आत्मविश्वास को सशक्त करने में सहायक सिद्ध होता है। प्रतियोगिता में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय से आठ महाविद्यालयों की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया:श्री अरविंद महिला कॉलेज, पटना कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आर्ट्स एंड साइंस जे. डी. विमेंस कॉलेज आर. के. डी. कॉलेज आर. एल. एस. वाई. कॉलेज टी. पी. एस. कॉलेज एल. पी. शाही कॉलेज नालंदा कॉलेज प्रतियोगिता में शास्त्रीय गायन, लोकगीत एवं ग़ज़ल/भजन (एकल एवं समूह वर्ग) की शानदार प्रस्तुतियां हुईं, जिनमें संगीत का सौंदर्य, भावनात्मक गहराई और सांस्कृतिक विविधता देखने को मिली।मुख्य अतिथि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के डी.एस. डब्ल्यू प्रो. राजीव रंजन ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राएं बिहार दिवस के अवसर पर आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। उन्होंने छात्राओं की संगीत साधना की सराहना करते हुए कहा कि कला और संस्कृति समाज के उत्थान में अहम भूमिका निभाते हैं।प्रतियोगिता परिणाम छात्राओं ने विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और निम्नलिखित स्थान प्राप्त किए:शास्त्रीय गायन (एकल वर्ग) प्रथमः श्रेया श्रीवास्तव, जे. डी. विमेंस कॉलेज, पटना द्वितीयः मेधा रानी, श्री अरविंद महिला कॉलेज, पटना लोकगीत (एकल वर्ग)

प्रथमः रिया सिंह, जे. डी. विमेंस कॉलेज, पटना द्वितीयः कल्याणी कुमारी, श्री अरविंद महिला कॉलेज, पटना तृतीयः अपूर्वा आचार्या, आर. के. डी. कॉलेज, पटनालोकगीत (समूह वर्ग)प्रथमः जे. डी. विमेंस कॉलेज, पटना द्वितीयः श्री अरविंद महिला कॉलेज, पटना तृतीयः आर. के. डी. कॉलेज, पटना ग़ज़ल/भजन (एकल वर्ग) प्रथमः सोनम कुमारी, श्री अरविंद महिला कॉलेज, पटना

द्वितीयः प्रतिभा कुमारी, कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आर्ट्स एंड साइंस

तृतीयः अंजली कुमारी, जे. डी. विमेंस कॉलेज, पटना प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रसिद्ध संगीतज्ञ श्री कुमार उदय सिंह, डॉ. पल्लवी विश्वास एवं श्रीमती साधना कुमारी शामिल रहे, जिन्होंने छात्राओं की प्रस्तुतियों का सूक्ष्म मूल्यांकन कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम संचालन एवं आयोजन टीम ईस अवसर पर मंच संचालन डॉ. वेली सिन्हा एवं डॉ विभा कृति ने किया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में कॉलेज की सांस्कृतिक समिति की सदस्य डॉ. नोरा निवेदिता शॉ सहित शिक्षकगण प्रो. अंजलि प्रसाद, डॉ. सरिता सिन्हा, डॉ. गीता कुमारी, डॉ. सपना बरुआ, डॉ. मधुलिका सिन्हा एवं अन्य शिक्षकों और छात्राओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।समापन समारोह कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों एवं विजेता छात्राओं के सम्मान के साथ हुआ।धन्यवाद ज्ञापन डॉ नोरा निवेदिता शॉ ने किया।

होली एकता एवं मित्रता का पर्वः स्वाति मोदी

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। रोटरी पाटलिपुत्र द्वारा 9 मार्च 2025 को आयोजित होली मिलन समारोह रंगों और उल्लास से भरपूर रहा। इस खास अवसर पर ज़िला गवर्नर रोटेरियन बिपिन चाचन एवं फर्स्ट लेडी रोटेरियन शिल्पी चाचन की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गरिमा प्रदान की। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन स्वाति मोदी और सचिव रोटेरियन ऋषि जायसवाल ने कार्यक्रम की शानदार व्यवस्था की। कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती अंजू अग्रवाल, श्रीमती रजनीगंधा अखौरी और श्रीमती मंकानी रहीं। मंच और स्थल को होली के रंगों की जीवंत छटा से सजाया गया था, जिसमें रंग-बिरंगे गुब्बारे विशेष आकर्षण का केंद्र बने और एक सुंदर सेल्फी प्वाइंट के रूप में उभरे। इस अवसर पर कई मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें रंग-बिरंगे लूडो स्टेप्स और एक विशेष रंगीन पासे वाले खेल ने सबका ध्यान आकर्षित किया। इसके बाद गुब्बारा दौड़ हुई, जिसमें चार लोगों की टीम ने बैठकर गुब्बारा फोड़ने और दौड़ पूरी करने की चुनौती ली। सबसे कम समय में यह कार्य पूरा करने वाली टीम को विजेता घोषित किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती रजनीगंधा अखौरी ने "गब्बर" के रूप में मनोरंजक प्रस्तुति देकर सभी का खूब मनोरंजन किया। इसके अलावा, संयोजकों ने कुछ रोचक पहेलियाँ पूछीं, जिनके सही उत्तर देने वालों को पुरस्कार प्रदान किए गए। होली थीम पर आधारित हाउसी खेल का भी आयोजन किया गया, जिसे रोटेरियन अखौरी बिश्वप्रिय और रोटेरियन श्याम अग्रवाल ने संचालित किया। विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने नृत्य का भरपूर आनंद उठाया। इससे पहले, क्लब अध्यक्ष रोटेरियन स्वाति मोदी और सचिव रोटेरियन ऋषि जायसवाल ने बैठक की शुरुआत की और क्लब की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान, रोटेरियन अंजू अग्रवाल द्वारा 3150 डिग्री की सनशाइन राशि एकत्र की गई, जिसे सामाजिक कार्यों में उपयोग किया जाएगा। एम पी जैन ने बताया कि समारोह के अंत में ज़िला गवर्नर रोटेरियन बिपिन चाचन ने उन सभी सदस्यों को सम्मानित किया, जिन्होंने मेजर डोनर के रूप में योगदान दिया और रोटरी संगठन के हित में अपनी निस्वार्थ सेवा दी। इसके अलावा, आई हॉस्पिटल के लिए सहयोग देने वाले दानदाताओं की भी विशेष सराहना की गई। इस होली मिलन समारोह में बड़ी संख्या में रोटेरियन शामिल हुए और रोटरी की सेवा भावना को पुनः दोहराते हुए आपसी भाईचारे और एकता का सुंदर प्रदर्शन किया।

संक्षिप्त समाचार

विद्यालय का औचक निरीक्षण मंत्री ने किया

सुगौली। प्रखंड के राजकीय अंबेडकर आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण बिहार सरकार के मंत्री जनक चमार ने किया। उन्होंने स्कूल में पढ़ने वालो बच्चों से स्कूल के विधि व्यवस्था,पढ़ाई,छात्रावास,नाश्ता व भोजन के बारे में विस्तृत जानकारी ली। मंत्री ने स्वयं रसोईया रूम में जाकर बन रहे भोजन को देखा और भोजन में दिए जाने वाले व्यंजन के बारे में जानकारी ली। छात्रावास का निरीक्षण करते हुए देखा कि कमरे की साफ सफाई व रख रखाव कैसी है। बच्चों को सरकार से मिलने वाली सामग्री व पाठ्य पुस्तक के बारे में जानकारी ली।मंत्री ने जिला कल्याण पदाधिकारी को आदेश देते हुए कहा कि विद्यालय में पड़ने वाले बच्चों को किसी तरह की दिक्कत नही हो।स्कूल में बेहतर पढ़ाई हो।बच्चों को मेनू के अनुसार बेहतर भोजन दे।स्कूल में साफ सफाई ठीक से हो।विद्यालय में किसी तरह की अनियमितता हुई तो विभागीय करवाई होना तय है।विद्यालय का समय समय पर निरीक्षण किया जाय।एचएम को कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि विद्यालय में सुसमय व बेहतर शिक्षा व्यवस्था हो।बच्चों को किसी तरह की दिक्कत नही होना चाहिए। मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सराफ,जिला कल्याण पदाधिकारी,एचएम,शिक्षक सहित कई मौजूद थे।

टीम इंडिया की जीत के बाद बच्चों ने मनाया जश्न

भारत के जीत के लिए बच्चों ने मांगी थी दुआ

औरंगाबाद। शहर के पठान टोली स्थित मुस्लिम समुदाय के बच्चे भारत एवं न्यूजीलैंड के बीच मैच हो रहे फाइनल को भारत को जीतने के लिए दुआ मांगते हुए नजर आए। बच्चे सना अलीन, आरिब अली खान, जमजम खानम सहित बच्चों ने नमाज में दुआ की। जैसे ही भारत की जीत हुई उन लोगों ने जश्न मनाया। चैंपियंस ट्राफी 2025 के फाइनल में भारत की जीत के लिए मुस्लिम के बच्चों ने पवित्र रमजान के मौके पर भारत की जीत के लिए दुआ पर बच्चे बैठे रहे रविवार की दोपहर जोहर की नमाज के बाद लगातार बच्चे क्रिकेट मैच में भारत की फाइनल में जीत के लिए दुआ करते रहें। बच्चे भारत एवं न्यूजीलैंड का बीच मैच चल रहा। इसी बीच बच्चों ने दुआ मांगते रहे एवं मेरा भारत इंशाल्लाह न्यू को फाइनल में हरे एवं भारत आईसीसी चैंपियंस ट्राफी का फाइनल मैच जीते। एक तरफ बच्चे दुआ पर करते रहे। दूसरी तरफ भारत मैच जीती रही। जीत के बाद सभी के चेहरे खुशी से खिलते देखा गया। टीम इंडिया के चैंपियन बनते ही शहर में जश्न का माहौल शुरू हो गया। लोगों ने मोहल्लों, सड़कों, प्रतिष्ठानों में एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। राहगीरों को रोककर मिठाई खिलाएक दूसरे को बधाई थी भारतीय क्रिकेट टीम जिंदाबाद भारतीय खिलाड़ियों का जमकर नारेबाजी भी बच्चे ने किया। मेरा इंडिया जिंदाबाद का नारेबाजी भी किया है।

सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं होली-बीडीओ अभिनव कुमार

गोड्डा,मेहरमा। रंगों का त्योहार होली को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर सोमवार को मेहरमा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता बीडीओ सह सीओ अभिनव कुमार ने की। उन्हौंने पर्व को पर्व की तरह ही मनाने पर बल दिया। कहा कि आपसी सहमति से हीं एक दूसरे पर अबीर गुलाल लगाऐं। इस दौरान एक दूसरे की भावना के कद्र का भी ख्याल रखें। प्रभारी पुलिस निरीक्षक उपेंद्र कुमार महतो ने उपस्थित लोगों से होलिका दहन के समय सावधानी बरतने की अपील की। हालांकि उन्होंने यह जानकारी भी दी, कि किसी अनहोनी से निपटने हेतु उस दिन प्रखंड मुख्यालय में फायर ब्रिगेड की गाड़ी तथा पानी का टैंकर उपलब्ध रहेगा। वहीं थाना प्रभारी सौरव कुमार ठाकुर ने लोगों से आपसी सौहार्द एवं भाईचारा कायम रखते हुए होली पर्व मनाने की अपील की। कहा कि होली रंगों का त्यौहार है, इसमें किसी प्रकार की जबरदस्ती ना करें। रंग में भंग डालने वाले हुड़दंगियों पर उनकी पैनी नजर रहेगी। उन्होंने क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों से भी ऐसे लोगों पर कड़ी निगाह रखने की अपील की। थानाध्यक्ष ने इस दौरान शराब पीकर माहौल बिगाड़ने वालों को चेताया। बैठक समाप्ति के पूर्व उपस्थित सभी लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर उपस्थित अन्य अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों में पुलिस अवर निरीक्षक जुगनू महथा, राज किशोर शर्मा,रमेश प्रसाद सिन्हा के अलावा नरेंद्र शेखर आजाद, प्रियंका देवी, शंभू यादव, चुन्ना सिंह, ऋषिकेश ठाकुर, जयप्रकाश साह गोलू सहित अन्य उपस्थित थे।

होली पर्व के मद्देनजर अनुमंडलाधिकारी और भूमि सुधार उप समाहर्ता ने संयुक्त रूप से बैठक की

जहानाबाद। होली पर्व के अवसर पर जिले में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा और भूमि सुधार उप समाहर्ता चांदनी कुमारी ने संयुक्त रूप से अगजा जलाने वाले समितियों, मटका फोड़ने वाले एवं जुलूस निकालने वाले समितियों/आयोजकों के साथ बैठक कर निर्देश दिया कि अगजा जलाने, मटका फोड़ने एवं जुलूस निकालने के लिए अपने संबंधित थाना में अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन दे। थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया कि जांच कर अनुज्ञप्ति निर्गत करना सुनिश्चित करेंगे। जहां जहां अगजा जलाने का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा वहां पहले से इस बात का सुनिश्चित करेंगे कि वहां विद्युत का तार/ कनेक्शन तो नहीं है। इसके साथ ही फूंस वाला मकान न हो, खेत/खलिहान में अनाज अथवा पूआल नहीं रखा हो। जिससे कोई बड़ी दुर्घटना हो। इसकी जांच कर ही अनुज्ञप्ति निर्गत करेंगे। साथ ही विवादित स्थलों को भी चिन्हित कर लेंगे। किसी प्रकार की अफवाहों/ उपद्रव की सूचना या संभावना हो तो इसकी सूचना अविलंब जिला प्रशासन को उपलब्ध करायेंगे। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि किसी भी सार्वजनिक स्थानों पर डीजे का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। द्विअर्थी एवं अश्लील गानों पर भी प्रतिबंध लगा रहेगा। पुलिस पदाधिकारी ऐसा करने वाले पर सख्ती से कार्रवाई करेंगे। अनुमंडल पदाधिकारी ने शांति समिति के सदस्यों के साथ साथ जहानाबाद जिलावासियों से अपील किया है कि किसी भी व्यक्ति के उपर जबरदस्ती रंग ना डालें। धार्मिक सद्भावना को ध्यान में रखते हुए आपसी सोहार्द को बनाएं रखेंगे। मटका फोड़ने के लिए मटके का ऊंचाई कम रखने का निर्देश दिया गया ताकि कोई अप्रिय घटना न घटें। इसके साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी जिलेवासियों से सौहाद्र एवं सुरक्षित होली पर्व की शुभकामना दी।

सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम का राज्य सलाहकार ने लिया जायजा

नई सोच एक्सप्रेस

» अभियान की सफलता को लेकर स्थानीय ग्रामीणों के साथ किया संवाद

छपरा। दस फरवरी से सारण जिले के सभी प्रखंडों में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत फाइलेरिया से बचाव के लिए चलाए जा रहे सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम का राज्य सलाहकार फाइलेरिया डॉ. अनुज सिंह रावत ने जायजा लिया। भ्रमण के दौरान डॉक्टर रावत ने गरखा में चलाए जा रहे एमडीए कार्यक्रम की समीक्षा की और वहां के स्थानीय निवासी महेश्वर पांडेय, सेवानिवृत्त सशस्त्र सीमाबल से चर्चा की। डॉ. रावत ने वहां की टीम को निर्देशित किया कि किसी भी परिस्थिति में दवा का वितरण नहीं होना चाहिए, सभी यह ध्यान रखें कि प्रतिदिन यदि ऐसे व्यक्ति जो भ्रमण के दौरान दवा का सेवन नहीं कर पाते हैं उन्हें निश्चित तौर पर रिविजिट कर पुनः दवा का सेवन कराया जाए। डॉ रावत ने सभी से अपील किया कि हम सभी अपने परिवार के सदस्यों व समुदाय के लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा के सेवन हेतु प्रेरित करें। डॉ रावत ने कहा कि इस बीमारी के लक्षण दिखने में 10 से 15 वर्षों का समय लगता है । अतः बचाव ही इसका एकमात्र उपचार है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार यह बीमारी दुनिया की दूसरी सबसे भयंकर कुरूपता एवं स्थाई दिव्यंगता लाने वाली बीमारी है। डॉक्टर रावत ने जिला में सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा, जिला भी.वी.डी. पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार सिंह, जिला भीवीडी सलाहकार सुधीर कुमार, वीडीसीओ सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की और कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न दिशा निर्देश सम्मिलित पदाधिकारी को दिए।

सड़क, शिक्षा, रोजगार,बुनियादी पर हुई चर्चा

नई सोच एक्सप्रेस

सुगौली। विधानसभा क्षेत्र के पंजीयरवा गांव में जन सुराज पार्टी के विस्तार कार्यक्रम के तहत ग्रामीण भाइयों और बहनों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी और उनके समाधान पर चर्चा की गई।सड़क, शिक्षा और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों पर जनता की आवाज को बुलंद करने के लिए हम संकल्पित हैं। जन सुराज पार्टी सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि जनता के अधिकारों की लड़ाई है।वरिष्ठ नेता अजय झा, युवा अध्यक्ष उपेन्द्र यादव, पंचायत अध्यक्ष, वर्तमान वार्ड सदस्य विजय यादव, रतनेश साहनी, विजय साहनी समेत अन्य साथियों का आभार दिया। जिन्होंने इस बैठक को सफल बनाएं। अजय झा ने कहा कि आपका समर्थन ही हमारी ताकत है! आइए, सुगौली विधानसभा को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाएं। कार्यक्रम का अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष आदित्य कुमार मिश्रा ने किया।

कलश यात्रा के बाद प्राण प्रतिष्ठा और अखण्ड अष्टयाम प्रारंभ

नई सोच एक्सप्रेस

छपरा। गड़खा प्रखण्ड स्थित ब्रह्म बाबा के समीप हनुमान जी के प्राण प्रतिष्ठा एवं 24 घंटे का अखंड अष्टयाम को लेकर भव्य कलश यात्रा निकल गई। जो खोदाईबाग रोड होते हुए कैलाश आश्रम गंडकी नदी में जल भरने के बाद पुनः मंदिर परिसर पहुंची। संत श्रीधर दास जी महाराज के करकमलों द्वारा आचार्य अजय कुमार त्रिपाठी,कमल नयन दुबे,पुरोहित संजय पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्राण प्रतिष्ठा का विधि संपन्न कराया। पूजन पर मुख्य यजमान गड़खा पंचायत के सरपंच श्रीमती इंदु देवी एवं उनके पति आलोक कुमार बैठे थे। मौके पर मुरारी स्वामी,बिंदु राय, रामजी सिंह,शंकर राय सहित अन्य लोग उपस्थित थे। वही गड़खा बाजार स्थित हरेश्वर महादेव मंदिर में सोमवार को आचार्य विवेकानंद तिवारी, तारकेश्वर पाण्डेय, नंदकिशोर तिवारी , सदानंद द्विज ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच शिव परिवार, राधे कृष्ण, भगवान पंचमुखी हनुमान जी सहित अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा श्रीधर बाबा के शिष्य मुरारी स्वामी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ । सात 7 मार्च से शुरू हुए प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की पूर्णाहुति 11 मार्च को होगी। जिसके बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

होली की सौगात : शिक्षक अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र

नई सोच एक्सप्रेस

» सारण जिले के 1761 चयनित अभ्यर्थियों को दिया गया नियुक्ति पत्र

छपरा। लंबे समय से शिक्षक बनने का सपना देख रहे सारण जिले के 1761 अभ्यर्थियों के लिए रविवार का दिन खुशियों भरा रहा। बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित तृतीय चरण शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई-3) में सफल हुए अभ्यर्थियों को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित एक भव्य समारोह में नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। गांधी मैदान में पटना, नालंदा, वैशाली, सारण, भोजपुर, जहानाबाद, मुजफ्फरपुर और अरवल के दस हजार सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। इसके साथ साथ बिहार के बाहर से आए अभ्यर्थियों को भी नियुक्ति पत्र दिया गया। यह नियुक्ति पत्र उन युवाओं के लिए किसी उत्सव से कम नहीं है, जो शिक्षक बनकर शिक्षा जगत में योगदान देने को तत्पर हैं। संयोगवश यह नियुक्ति प्रक्रिया होली के ठीक पहले पूरी हुई। जिससे अभ्यर्थियों के घरों में जश्न का माहौल बन गया है। होली खुशियों और उत्सव का पर्व है और इस बार नियुक्ति पत्र पाकर यह त्योहार इन नए शिक्षकों के लिए और भी खास बन गया। पटना में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में सारण जिले से 1761 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया । जिसमें कक्षा एक से लेकर पांच तक के 649, कक्षा नौवीं से लेकर 10वीं तक कक्षा के 778 एवं कक्षा 11वीं और 12वीं के 334 शिक्षक अभ्यर्थी शामिल हैं। मुख्य समारोह में अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नियुक्ति पत्र दिया। नियुक्ति पत्र कार्यक्रम के बाद मुख्य मंच पर शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ के साथ सेल्फी खिंचवाने के लिए नवनियुक्त शिक्षकों के बीच होड़ मच गई। लगभग एक घंटे से अधिक समय तक एस सिद्धार्थ मंच पर शिक्षकों के बीच घिरे रहे और शिक्षकों के साथ फोटो खिंचवाते रहे। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी धनंजय पासवान ने नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में शामिल नवनियुक्त विद्यालय अध्यापकों को शुभ कामना देते हुए उनसे गुणवत्तापूर्ण वर्ग संचालन करने की अपील करते हुए बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए प्रेरित किया ताकि वे भी बड़े होकर उनकी तरह रोजगार पा सके एवं राज्य एवं देश के विकास में अपना योगदान दे सके। इस मौके पर शिक्षा विभाग के कर्मी बीपीएम रजनीश कुमार, डाटा एंट्री आपरेटर रजनीश कुमार सिंह,सद्दाम हुसैन,आफताब आलम, राजेश कुमार एमडीएम के विवेक कुमार, संजय पांडेय,रौशन सिंह, धीरज कुमार, अमन श्रीवास्तव, राहुल सिंह, विवेक राज, आशुतोष श्रीवास्तव, स्वामीनाथ भक्त उपस्थित थे।

लेट्स इंस्पायर बिहार

राहुल कुमार सिंह
मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

बिहार को सम्भालने के लिए युवाओं को आगे आना ही होगा

नई सोच एक्सप्रेस

डिजिटल प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए विकास वैभव प्रेरित कर रहे है। युवाओं के कंधे पर भारी जवाबदेही।

[भारत विश्व के सबसे अधिक आबादी वाले देशों में सबसे युवा है, जहाँ की औसत आयु 29 वर्ष है। भारत अपनी विशाल आबादी के साथ अभी एक ऐसे चरण में है जिसमें इसकी कार्यशील आयु आबादी की वृद्धि हो रही है और इसका वृद्धावस्था निर्भरता अनुपात वर्ष 2075 में 37% तक पहुँच जाएगा। एक विशाल और युवा कार्यशील आबादी श्रम आपूर्ति, उत्पादकता, बचत एवं निवेश को बढ़ा सकती है, जिससे उच्च जीडीपी विकास और प्रति व्यक्ति आय की स्थिति प्राप्त हो सकती है। आईपीएस विकास वैभव अच्छी तरह से जानते हैं कि बिहार में युवा और प्रतिभाशाली लोगों का एक बड़ा समूह मौजूद है, जो बिहार की आर्थिक वृद्धि और सामाजिक विकास में योगदान दे सकता है। इसके लिए युवाओं को डिजिटल प्रौद्योगिकियों का ज्ञान लेने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।डिजिटल प्रौद्योगिकियाँ अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में विकास, नवाचार और समावेशन के नए अवसर प्रदान कर सकती हैं। डिजिटल प्रौद्योगिकियाँ शासन, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कृषि, खुदरा और ई-कॉमर्स जैसे विभिन्न क्षेत्रों में दक्षता, पारदर्शिता, जवाबदेही एवं गुणवत्ता की भी वृद्धि कर सकती हैं।]

एक सशक्त आबादी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और नागरिक सहभागिता में भी अधिक सक्रिय रूप से भागीदरी कर सकती है। भारत के पास लगभग 500 मिलियन लोगों का विशाल श्रम बल मौजूद है, जिसके आने वाले वर्षों में और बढ़ने की उम्मीद है। एक रचनात्मक आबादी विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कला एवं संस्कृति जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा दे सकती है। वृद्ध आबादी में वृद्धि के साथ वैश्विक जनसंख्या वृद्ध होती जा रही है, जबकि प्रजनन दर में भारी कमी आई है। इससे भारत को अपनी अनुकूल जनसांख्यिकीय संरचना का लाभ उठाने का एक अनूठा अवसर प्राप्त हो रहा है, जो इसकी आर्थिक वृद्धि और सामाजिक विकास को बढ़ावा दे सकता है। हालाँकि, इस क्षमता को प्राप्त करने के लिये भारत को कुछ प्रमुख चुनौतियों को संबोधित करने और विभिन्न क्षेत्रों में कुछ रणनीतिक सुधारों को लागू करने की आवश्यकता है। 'सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी' के अनुसार जनवरी 2023 में भारत की बेरोज़गारी दर 7.1 प्रतिशत के स्तर पर थी। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी के दिसंबर 2021 तक की स्थिति के आँकड़ों के अनुसार, भारत में जहाँ पुरुष श्रम बल भागीदारी दर 67.4% थी, वहीं महिला श्रम बल भागीदारी दर 9.4% तक निम्न थी। भारत विश्व के सबसे अधिक आबादी वाले देशों में सबसे युवा है, जहाँ की औसत आयु 29 वर्ष है। भारत अपनी विशाल आबादी के साथ अभी एक ऐसे चरण में है जिसमें इसकी कार्यशील आयु आबादी की वृद्धि हो रही है और इसका वृद्धावस्था निर्भरता अनुपात वर्ष 2075 में 37% तक पहुँच जाएगा। एक विशाल और युवा कार्यशील आबादी श्रम आपूर्ति, उत्पादकता, बचत एवं निवेश को बढ़ा सकती है, जिससे उच्च जीडीपी विकास और प्रति व्यक्ति आय की स्थिति प्राप्त हो सकती है। आईपीएस विकास वैभव अच्छी तरह से जानते हैं कि बिहार में युवा और प्रतिभाशाली लोगों का एक बड़ा समूह मौजूद है, जो बिहार की आर्थिक वृद्धि और सामाजिक विकास में योगदान दे सकता है। इसके लिए युवाओं को डिजिटल प्रौद्योगिकियों का ज्ञान लेने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।डिजिटल प्रौद्योगिकियाँ अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में विकास, नवाचार और समावेशन के नए अवसर प्रदान कर सकती हैं। डिजिटल प्रौद्योगिकियाँ शासन, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कृषि, खुदरा और ई-कॉमर्स जैसे विभिन्न क्षेत्रों में दक्षता, पारदर्शिता, जवाबदेही एवं गुणवत्ता की भी वृद्धि कर सकती हैं। युवा पीढ़ी की संख्या बल का सही उपयोग हो इसके लिए आईपीएस विकास वैभव ने लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान चलाया है। संभवतः इस अभियान के सुखद परिणाम भी सामने आ रहे हैं। लघुवादों से दूर होकर बिहार के युवा तेज़ी से अभियान से जुड़ते जा रहे हैं। और इन तमाम युवाओं को आधुनिक शिक्षा ग्रहण करने के लिए आईपीएस विकास वैभव प्रेरित भी कर रहे है। आइए, मिलकर बिहार को प्रेरित करते हैं।

ब्रेन हेमरेज से काँबर पंचायत की सेविका प्रभा सिंह की हुई मौत

नई सोच एक्सप्रेस

कटिहार। कटिहार जिले के बरारी प्रखंड अर्न्तगत काबर पंचायत की आंगनबाड़ी सेविका की मौत ब्रेन हेमरेज से हो गई। प्रभा सिंह की मौत से गांव में मातम छाया हुआ है।सेविका पति सत्येंद्र सिंह ने कहा कि कांबर पंचायत में कार्यरत एल.एस. गीतांजलि के द्वारा कई बार रुपये के लिए सेविका प्रभा सिंह को परेशान करती रहती थी।जिसके वजह से ब्रेन हेमरेज हो गया और उनकी मौत हो गई।इस मामले को लेकर एल.एस. गीतांजलि से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि सेविका पहले से बीमार चल रही थी। जो कार्यालय को पूर्व से पता है और ईलाज के लिए कार्यालय को आवेदन देकर छुट्टी भी ली है।जिसका प्रमाण आंगनबाड़ी कार्यालय में जमा है।उन्होने बताया कि जिस दिन की घटना बताया जा रहा है उस दिन मैं राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में थी।इसकारण मुझे घटना के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नही है।

जलेवार सेवा समिति समाज की रीढ़ बनकर कार्य कर रही है: अध्यक्ष अंकित सिंह

नई सोच एक्सप्रेस

आज जलेवार सेवा समिति के कार्यकारणी की बैठक पबड़ा ढाब में समिति के सदस्य रामचंद्र सिंह एवं रामसखा सिंह 'दरोगाजी' के आवास पर समिति के अध्यक्ष अंकित सिंह के नेतृत्व में रखा गया। इसी अवसर पर जलेवार सेवा समिति के अध्यक्ष अंकित सिंह ने कहा कि समिति के कार्यकारिणी के सदस्य योजनाबध्द तरीके से अच्छे कार्य कर रहे हैं। वत्स आश्रम को भी व्यवस्थित रूप से भव्य बनाने में जो सहयोग लगेगा, समिति के सदस्य एकजुटता के साथ मिलकर इसी साल समाज के कार्यों एवं समिति के कामों में लाने के लिए प्रयासरत रहेंगे एवं गाँव-गाँव जाकर नई पीढ़ी को भी जोड़ने का संकल्पित होकर कार्य करेंगे। इसी अवसर पर समिति के संयोजक सुदर्शन सिंह एवं उपनयन विवाह समिति के अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि वत्स गोत्र एकजुटता के साथ समाज के हर गतिविधियों में शामिल होकर अनुशासन के रास्ते बेहतर काम करने का प्रयास करेंगे। समिति अपनी कार्यशैली से जिले में ही नहीं बिहार में पहचान बना चुकी है और अन्य अच्छे कार्य करके एकजुटता से बेहतर दिशा में काम करेंगे। इसी अवसर पर कमला प्र सिंह, अशोक सिंह ने कहा कि समिति के सचिव केदार प्र सिंह के निधन से मर्माहट हैं, दो मिनट का मौन धारण कर नए सचिव के रूप में मोहन प्र सिंह को सर्वसम्मति से जिम्मेदारी दिया गया और नए सचिव के साथ कदम से कदम मिलाकर उत्कृष्ट कार्य करने को संकल्पित रहेंगे। अमित कुमार सिंह गप्पू, कन्हैया कुमार एवं रामदयाल भारती ने कहा कि जलेवार सेवा समिति वर्तमान समय में इस समाज के लिए लगातार दिनरात खड़े होकर अच्छे सोच के साथ युवाओं को जोड़ने का कार्य कर रही है, इससे आनेवाले दिनों में संगठन बेहतर मार्ग पर पहुंचेगी। इसी अवसर पर संचालन कर रहे देवनिरंजन भारती, रामाज्ञा प्र सिंह, सुधीर सिंह, विभाकर प्र सिंह एवं मोहन सिंह ने कहा कि यह संगठन पर्व का एक पाठ है हम सभी सदस्य लगातार विभिन्न गाँव में जाकर जनसंपर्क के माध्यम से संगठन के बेहतर दिशा के लिए लगातार काम कर रहे हैं। यह काफी सराहनीय कार्य है। इसी अवसर पर पूर्वी जोन अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, मध्य जॉन सचिव अर्जुन सिंह, कोषाध्यक्ष विजय सिंह एवं उमेश सिंह ने कहा कि आज समिति के सदस्य बैठक में भाग लेते हुए फागुन महीने होली पूर्व भाईचारा का संदेश देते हुए होली की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए संगठन की बेहतर पहचान बने इसके लिए प्रेरित होकर अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करेंगे। इसी अवसर पर रमेश सिंह, रामउदय सिंह, नीरज सिंह, बद्री प्र सिंह, रामशंकर सिंह ने कहा कि कोई भी संगठन समाज में अच्छे कार्य करने के लिए बनता है। जब से यह संगठन बना है सभी जोन में बैठक करके बेहतर दिशा देते हुए प्रेरित करता है यह काफी सराहनीय है। मुझे भी गर्व है मैं ऐसे समाज के संगठन में शामिल हूँ और अच्छे कार्य में भागीदारी ले रहा हूँ। मौके पर कमलाकांत प्र सिंह, अमित कुमार सिंह गप्पू, कन्हैया कुमार, अशोक सिंह, अंकित सिंह, सुदर्शन सिंह, देवनिरंजन भारती, रामाज्ञा प्र सिंह, सुधीर सिंह, विभाकर प्र सिंह, रामदयाल भारती, अर्जुन सिंह, वीरेंद्र कुमार, उमेश सिंह, मोहन सिंह, चंदन कुमार, दीपक कुमार, कुणाल किशोर, नीरज सिंह, विद्यानंद प्र सिंह, रमेश सिंह, विजय सिंह, रामचंद्र सिंह, अरुण सिंह, रामउदय सिंह, बद्री प्र सिंह, रामशंकर सिंह आदि उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

फोर्स एनएक्सटी का नया अभियान

पटना। डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रीमियम ब्रांड फोर्स एनएक्सटी ने आधुनिक पुरुषों के लिए इनरवियर, एथलीजर और सक्रिय पहनावे (एक्टिववियर) का सबसे पसंदीदा ब्रांड बनने की दिशा में कदम बढ़ाया है। यह आराम, शैली और आत्मविश्वास का बेहतरीन संयोजन पेश करता है। फोर्स एनएक्सटी के नवीनतम अभियान में साहसिक नारा " फॉर व्हाट्स एनएक्सटी " प्रस्तुत किया गया है, जो यह दर्शाता है कि इनरवियर, एथलीजर और सक्रिय पहनावा अब केवल उपयोगी वस्त्र नहीं रह गये हैं, बल्कि व्यक्तिगत शैली, आत्मविश्वास और आत्म-अभिव्यक्ति का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गये हैं। डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक विनोद कुमार गुप्ता ने कहा, "इनरवियर, एथलीजर और सक्रिय पहनावा अब केवल उपयोगिता तक सीमित नहीं हैं; वे आत्म-अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास और शैली का अभिन्न हिस्सा बन गये हैं। अपने नवीनतम अभियान के माध्यम से हम दिखाना चाहते हैं कि फोर्स एनएक्सटी इनरवियर को एक नया आयाम दे रहा है। इसे पुरुष गर्व के साथ प्रदर्शित कर सकते हैं, ठीक वैसे ही जैसे वे अपने किसी भी अन्य पहनावे को दिखाते हैं।"

राष्ट्रीय फेरी पटरी ठेला व्यवसायी संगठन द्वारा "स्मार्ट सिटी में स्ट्रीट वेंडर्स की भूमिका" विषय पर विचार गोष्ठी का किया गया आयोजन

वाराणसी। राष्ट्रीय फेरी पटरी ठेला व्यवसायी संगठन द्वारा मैदागिन स्थित पराड़कर स्मृति भवन में 10 मार्च सोमवार को "स्मार्ट सिटी में स्ट्रीट वेंडर्स की भूमिका" विषय पर विचार गोष्ठी का किया गया आयोजन | मुख्य अतिथि डॉ० प्रसन्न कुमार ने कहा कि स्ट्रीट वेंडरों को दैनिक जीविकोपार्जन के साथ अपने स्वास्थ्य का भी विशेष ख्याल करना चाहिये आयुष्मान कार्ड जैसी प्रमुख योजना का भी लाभार्थी बनने का आह्वाहन किया साथ ही निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन समय-समय पर कराने का वादा किया | विशिष्ट अतिथि पार्षद/टाउन वेंडिंग कमेटी सदस्य नगर निगम वाराणसी मदन मोहन दुबे ने कहा कि वर्तमान सरकार ने विश्व बैंक के सहयोग से 90 करोड़ की लागत लगाकर प्रो पूअर प्रोजेक्ट के अंतर्गत सारनाथ के 286 स्ट्रीट वेंडर्स के साथ-साथ दुर्गाकुंड,हुकुलगंज,भारत सेवा आश्रम,कबीरचौरा निर्धारित वेंडिंग जोन के सैकड़ो स्ट्रीट वेंडर को माइक्रो स्मॉल एवं मीडियम एंटरप्राइजेज द्वारा स्मार्ट मॉडल कार्ड उपलब्ध कराया जा चुका है | जल्द ही आगामी समय में अधिक से अधिक वेंडिंग जोन बनाकर स्ट्रीट वेंडर्स को समायोजित किया जाएगा |विशिष्ट अतिथि पार्षद/टाउन वेंडिंग कमेटी सदस्य नगर निगम वाराणसी प्रवीण कुमार राय ने कहा कि वाराणसी सीमा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी फ्लाईओवर के नीचे मॉडल बाजार बनाकर स्ट्रीट वेंडर को प्राथमिक स्थान मुहैया कराया जाएगा जैसे प्रस्ताव आगामी समय में मिनी सदन में प्रमुखता से उठाये जायेंगे | सभी अतिथियों ने राष्ट्रीय फेरी पटरी ठेला व्यवसायी संगठन संस्थापक स्व० जवाहर लाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी व सैकड़ों महिला स्ट्रीट वेंडर्स का सम्मान भी किया गया | कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरस्वती मिश्रा,शिप्रा श्रीवास्तव,नंदिनी त्रिपाठी,अरविंद श्रीवास्तव,राजू शर्मा,मुन्ना शाह,दीपक रस्तोगी,शीला देवी,गीता देवी,अनमोल निगम, रोहित श्रीवास्तव,अंश निगम,रितेश श्रीवास्तव,लक्खू सोनकर,श्याम सोनकर,विकास यादव,प्रकाश सोनकर,संजय अग्रहरि,जयहिंद सोनकर,मनोज जायसवाल,विनोद सोनकर,दीपक सोनकर,कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र प्रसाद सिंह, स्वागताध्यक्ष गौरव प्रकाश,कार्यक्रम संयोजक मनोज कुमार,कार्यक्रम सह–संयोजक अनिल कुमार, धन्यवाद ज्ञापन हरिशंकर सिन्हा और संचालन अभिषेक निगम ने किया |

तीन पंचायत का पैक्स चुनाव अप्रैल महीना में होगा मतदान

किशनगंज। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के अधिसूचना संख्या 686 दिनांक 04.04.2025 से प्राप्त निदश के आलोक में किशनगंज ज़िला के ठाकुरगंज प्रखण्ड के दल्लेगाँव पैक्स, नगर पंचायत पौवाखाली पैक्स एवम रसिया पैक्स में सविरोध निर्वाचन की स्थिति में दिनांक 09.04.25 को मतदान होना है। मतदान का समय सुबह 07 बजे से शाम 04:30 बजे तक निर्धारित है। इस बाबत जानकारी देते हुए निर्वाचन पदाधिकारी (सहयोग समिति)-सह-प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने बताया कि आज दिनांक 10.03.25 को प्रपत्र ई -1 में सूचना का प्रकाशन कर दिया गया है। दिनांक 26 अप्रैल 2025 एवम दिनांक 27 अप्रैल 2025 को नामांकन की तिथि निर्धारित की गई है। नामांकन प्रखण्ड कार्यालय ठाकुरगंज में पूर्वाहन 11 बजे से 03 बजे तक किया जाएगा। उप निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में श्री अवधेश कुमार शर्मा, प्रखण्ड सांख्यिकी पदाधिकारी, ठाकुरगंज को जिला पदाधिकारी, किशनगंज के द्वारा नामित किया गया है। दिनांक 02.04.25 को प्रतीक आवंटन किया जाना है। चुनाव समाप्ति के उपरान्त उसी दिन दिनांक 09.04.25 को प्रखण्ड कार्यालय परिसर में अवस्थित व्यापार मंडल गोदाम में मतगणना कराई जाएगी। बी डी ओ ने बताया कि पैक्स चुनाव को लेकेर आवश्यक तैयारी चल रही है। ज़िला पदाधिकारी किशनगंज एवम बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के दिशा निर्देश के आलोक में शांति पूर्ण एवम निष्पक्ष तरीके से इस चुनाव को सम्पन्न कराया जाएगा।

सांसद खेल स्पर्धा व सांस्कृतिक महोत्सव, एमपी रविन्द्र वायकर ने महिलाओं व स्पोर्ट्स अचीवर्स को किया सम्मानित

नई सोच एक्सप्रेस

मुम्बई। मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा क्षेत्र में खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए महिला दिवस पर सांसद खेल स्पर्धा और सांसद सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया। ये कार्यक्रम स्थानीय सांसद रविंद्र दत्ताराम वायकर और उनकी पत्नी मनिषा रविंद्र वायकर की पहल के तहत नागरिकों को जोड़ने, प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किए गए। इस अवसर पर दिव्यांग समाजसेवी श्री नीलोत्पल मृणाल (नन्ही गूंज फाउंडेशन) की भी विशेष उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में सांसद रविंद्र दत्ताराम वायकर, मनिषा रविंद्र वायकर और नीलोत्पल मृणाल सहित कई अन्य गणमान्य हस्तियों ने उपस्थिति दर्ज करवाई। 3 हजार महिलाओं की भीड़ ने कार्यक्रम का आनंद लिया।नारियल फोड़कर, दीप प्रज्वलित करके, छत्रपति शिवाजी महाराज की पूजा और गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। गायिका वैशाली माडे ने गुलाबी साड़ी गीत गाकर सबको एंटरटेन किया उन्हें स्त्री सम्मान से नवाजा गया। सुपर वीमेन टीम व सखी ग्रुप को भी सम्मानित किया गया। बता दें कि सांसद खेल स्पर्धा युवाओं में खेल भावना और फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की जाती है। इसके अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी खेल कुशलता दिखाने का अवसर दिया गया। सभी विजेताओं और विजेता टीमों को नकद पुरस्कार, मेडल और ट्रॉफी प्रदान की गईं। सांसद सांस्कृतिक महोत्सव का उद्देश्य सांस्कृतिक विविधता और कलात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। नृत्य, संगीत, नाटक और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गईं। क्षेत्र के कलाकारों और परफॉर्मर्स को मंच प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। महिला दिवस के अवसर पर आयोजित सांसद सांस्कृतिक महोत्सव में काफी महिलाएं एकत्रित हुईं। इस आयोजन को सरकारी PSU और बैंकों का समर्थन प्राप्त था। इसके मुख्य प्रायोजक थे सारस्वत बैंक, एसबीआई बैंक, एसबीआई जनरल, भारत डायनेमिक्स, बीपीसीएल, इंडियन ओवरसीज बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, सिडबी, डब्ल्यूसीएल, ऑयल इंडिया, आईआरसीटीसी, मझगांव डॉकयार्ड, यूनियन बैंक, पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन, हुडको, एनटीपीसी, कोल इंडिया। माननीय सांसद उत्तर पश्चिम मुंबई श्री रविंद्र वायकर ने सभी प्रायोजकों और प्रतिभागियों को धन्यवाद कहा। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से महिलाओं के लिए यह कार्यक्रम "शाब्बास वहिनी" का आयोजन होता आ रहा है। हम महिला दिवस के अवसर पर यह कार्यक्रम करके महिलाओं को सम्मानित करते हैं, उनका हौसला बढ़ाते हैं। श्री नीलोत्पल मृणाल ने इस अवसर पर रविंद्र वायकर और मनिषा रविंद्र वायकर को बधाई दी और कहा कि मैं देश के बहुत से पार्लियामेंट मेम्बर को, नेताओं को जानता हूँ मगर जिस तरह रविंद्र वायकर और मनिषा रविंद्र वायकर जी अपने क्षेत्र की महिलाओं, लोगों के लिए जितना कुछ करते हैं, बिना किसी अपेक्षा के काम करते हैं, यह क्वालिटी मैंने किसी और में नहीं देखी। मैं यहां महिलाओं की इतनी बड़ी संख्या देखकर अचंभित हूँ, रविंद्र वायकर और मनिषा रविंद्र वायकर को हार्दिक बधाई और मैं चाहूंगा कि इसी तरह हर साल महिलाओं के सम्मान में ऐसे कार्यक्रम होते रहें।

एसबीआई ने देश भर में अपनी पहुंच बढ़ाई, वंचितों को सशक्त बनाया: वित्त मंत्री ने 70 शाखाओं और 501 महिला सीएसपी का किया उद्घाटन

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने 1 जुलाई, 1955 को अपनी स्थापना के 70 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में अपने प्लैटिनम जयंती समारोह की शुरुआत की। समारोह के हिस्से के रूप में, माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने 70 शाखाओं और 501 महिला ग्राहक सेवा केंद्रों (सीएसपी) का उद्घाटन किया, जिससे वंचित आबादी को प्रभावी ढंग से सेवा प्रदान करने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को बल मिला। उद्घाटन डीएफएस सचिव श्री एम. नागराजू और एसबीआई के चेयरमैन श्री सीएस शेट्टी की मौजूदगी में हुआ। अपने दौरे के दौरान, वित्त मंत्री ने बैंक की एक विशेष बोर्ड बैठक को भी संबोधित किया। बैंक ने अपने 17 स्थानीय मुख्यालयों में 17 सीएसआर पहलों के लिए 26 करोड़ आवंटित करके सामाजिक प्रभाव के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है, जो महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सेवा और स्वच्छता, आजीविका विकास और पर्यावरणीय स्थिरता में परियोजनाओं का समर्थन करता है। वित्त वर्ष 25 के पहले नौ महीनों में, इसने पहले ही 379 करोड़ रुपये का निवेश कर दिया है, जिससे सामुदायिक विकास और सतत विकास में इसके प्रयासों को और बढ़ावा मिला है। अपने फुटप्रिंट का और विस्तार करते हुए, बैंक ने वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के दौरान लगभग 100 शाखाएँ जोड़ीं, जिससे उसका शाखाओं का नेटवर्क 22,800 से अधिक हो गया। इसके अतिरिक्त, एसबीआई 78,023 ग्राहक सेवा बिंदुओं (सीएसपी) का एक मजबूत नेटवर्क बनाए रखता है। 70 और शाखाओं और 501 महिला सीएसपी की शुरूआत सरकार की "बैंकिंग रहित लोगों को बैंकिंग, असुरक्षित लोगों को सुरक्षित करना और वित्तपोषित लोगों को वित्तपोषित करना" की रणनीति के साथ तालमेल बिठाने की बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। इस अवसर पर वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने कहा, "एसबीआई 51 करोड़ से अधिक ग्राहकों के लिए एक विश्वसनीय भागीदार बना हुआ है - जो कई देशों की आबादी से भी अधिक है - जो सभी आय समूहों में आर्थिक प्रगति के लिए अपनी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नियामक चुनौतियों और बाजार में व्यवधानों के बावजूद बैंक की विकास और नवाचार करने की क्षमता ने इसके नेतृत्व को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डिजिटल परिवर्तन को अपनाकर, एसबीआई ने ग्राहक अनुभवों को फिर से परिभाषित किया है, निर्बाध वित्तीय उत्पाद पेश किए हैं और परिचालन दक्षता को बढ़ाया है, जिससे बैंकिंग पहले से कहीं अधिक सुलभ और समावेशी हो गई है"। उन्होंने आगे कहा कि दुनिया के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंकों में से एक के रूप में, जो वैश्विक आबादी के लगभग 5.6% को सेवा प्रदान करता है, एसबीआई की चपलता और प्रतिस्पर्धात्मकता बेजोड़ है। वित्त मंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के विशेष अवसर पर 501 महिला ग्राहक सेवा केन्द्रों का उद्घाटन करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की, इसे देश भर में महिलाओं के लिए वित्तीय स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के लिए एसबीआई की प्रतिबद्धता में एक मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा, "ये सेवा केन्द्र अंतिम छोर तक बैंकिंग पहुँच को बढ़ाएँगे, और अधिक महिलाओं को अपनी वित्तीय भलाई की जिम्मेदारी लेने और भारत की आर्थिक वृद्धि में सक्रिय रूप से योगदान करने के लिए सशक्त करेंगे।".

पटना में खरीदारी का नया और स्टाइलिश ठिकाना बना पैंटालून्स का नया स्टोर

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। भारत के प्रमुख फैशन रिटेल ब्रांड पैंटालून्स ने पटना के वसुंधरा मॉल में अपने नए और बेहतर स्टोर का उद्घाटन किया है। 27,000 से अधिक वर्ग फुट में फैला यह स्टोर पूरी तरह से नए अंदाज में तैयार किया गया है, जहाँ व्यवस्थित गलियारों, आकर्षक डिस्प्ले और आधुनिक डिज़ाइन के साथ ग्राहकों को खरीदारी का शानदार अनुभव मिलेगा। यह पटना का पहला पैंटालून्स स्टोर है, जिसे इस तरह नए रूप में पेश किया गया है। यह बदलाव पैंटालून्स की उस पहल का हिस्सा है, जिसमें देशभर के चुनिंदा स्टोर्स को नए अंदाज में तैयार किया जा रहा है। इस नए स्टोर में ग्राहकों को लेटेस्ट फैशन ट्रेंड्स, एक्सेसरीज़, कलर कॉस्मेटिक्स और परफ्यूम्स की बड़ी रेंज एक ही जगह पर मिलेगी, जिससे वे अपना पूरा लुक आसानी से कंप्लीट कर सकेंगे। इस अवसर पर पैंटालून्स और स्टाइल अप की मुख्य कार्यकारी अधिकारी, संगीता तनवानी ने कहा, "पटना में अपने ग्राहकों के लिए एक नया और शानदार खरीदारी अनुभव लाना हमारे लिए बेहद खास है। इस स्टोर का नया रूप हमारी इस प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि हम अपने उपभोक्ताओं को स्टाइलिश और ट्रेंडी फैशन मुहैया कराएँ। हमारी कोशिश पैंटालून्स को इस शहर में फैशन प्रेमियों के लिए पसंदीदा डेस्टिनेशन बनाने की है।"

टोयोटा ने हाईलक्स ब्लैक एडिशन पेश किया

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भारत में एक नई हाईलक्स ब्लैक एडिशन पेश करने की घोषणा की। यह बेहतरीन लाइफस्टाइल वाला ऐसा यूटिलिटी वाहन है जो कठिन इलाकों में ऑफ-रोडिंग एडवेंचर ड्राइव और शहर में रोज़ाना इस्तेमाल के लिए सबसे उपयुक्त वाहन की तलाश करने वाले ग्राहकों की चाहत पूरी कर सकता है। ग्राहकों की बदलती अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया, नया हाईलक्स ब्लैक एडिशन अपनी शानदार मजबूती, शक्ति और प्रदर्शन को बरकरार रखते हुए आक्रामक और परिष्कृत ऑल-ब्लैक थीम प्रदान करने का लक्ष्य रखता है। हाईलक्स ब्लैक एडिशन के दिल में 2.8 लीटर फोर-सिलेंडर टर्बो-डीज़ल इंजन है, जो 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन (500 एनएम टॉर्क) के साथ उपलब्ध है। इसका 4X4 ड्राइवट्रेन एक सहज ऑफ-रोड अनुभव सुनिश्चित करता है, जो इसे प्रदर्शन, शक्ति और परिष्कृतता का सही संयोजन बनाता है। टोयोटा की विश्व स्तरीय इंजीनियरिंग, उन्नत सुरक्षा सुविधाएँ और सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास आराम हाईलक्स ब्लैक एडिशन को अपने सेगमेंट में एक स्टैंडआउट बनाते हैं, जो सेगमेंट-लीडिंग 500 एनएम टॉर्क, एक अभिनव बहुउद्देश्यीय वाहन (आईएमवी) प्लेटफ़ॉर्म और एक असाधारण 700 मिमी पानी में उतरने की क्षमता प्रदान करता है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट वरिंदर वाधवा ने कहा, "टोयोटा हाइलक्स लंबे समय से स्थायित्व और प्रदर्शन का प्रतीक रहा है और हाइलक्स ब्लैक एडिशन की शुरुआत के साथ, हम इस विरासत को और भी आगे ले जा रहे हैं। आकर्षक ऑल-ब्लैक एक्सटीरियर इसकी बोल्ड और कमांडिंग रोड प्रेजेंस को बढ़ाता है, जो एक शक्तिशाली बयान देता है जो रोमांच चाहने वालों और लाइफस्टाइल उत्साही लोगों के साथ समान रूप से प्रतिध्वनित होता है।

एसएस इनोवेशन्स ने किया भारत की पहली मोबाइल टेली-सर्जिकल युनिट मंत्राएम का अनावरण

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। भारत के पहले और एकमात्र स्वदेशी सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम एसएसआई मंत्रा के निर्माता एसएस इनोवेशन्स ने गुरूग्राम स्थित द लीला में दूसरे ग्लोबल एसएसआई मल्टी-स्पेशलटी रोबोटिक सर्जरी कॉन्फ्रैन्स (एसएमआरएससी) 2025 का आयोजन किया। दो दिवसीय कार्यक्रम में दुनिया भर से 1200 से अधिक प्रख्यात चिकित्सा पेशवर शामिल हुए, जिन्हें इस मंच के माध्यम से रोबोटिक सर्जरी की बदलावकारी क्षमता के बारे में जानने का अवसर मिला। एसएमआरएससी 2025 में की गई एक महत्वपूर्ण घोषणा के तहत एसएस इनोवेशन्स ने एसएसआई मंत्रा टेली-सिंक मोबाइल युनिट -''एसएसआई मंत्राएम' का अनावरण किया- अपनी तरह की अनूठी यह पहल भारत में रोबोटिक सर्जरी और टेलीमेडिसिन में नया बदलाव लेकर आएगी। यह आधुनिक मोबाइल टेली-सर्जिकल युनिट चिकित्सा तकनीक के आधुनिकीकरण, चिकिसा सेवाओं की बुनियादी सुविधाओं को नया आयाम देने और आधुनिक सर्जिकल देखभाल की पहुंच बढ़ाने के लिए एसएस इनोवेशन्स की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसके माध्यम से एसएस इनोवेशन्स मेड-टेक की सीमाओं को पार करने, सर्जिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर में बदलाव लाने तथा रोबोटिक सर्जरी एवं हेल्थ टेक इनोवेशन में ग्लोबल लीडर के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। टेलीसर्जरी की आधुनिक क्षमता के साथ एसएसआई मंत्रा दूरदराज के वंचित क्षेत्रों में विश्वस्तरीय रोबोटिक-असिस्टेड प्रक्रियाओं को सुलभ बनाकर सर्जिकल केयर की सभी बाधाओं को दूर कर रही है। टेली सिंक मोबाइल युनिट में एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम, हाई-स्पीड कनेक्टिविटी और आधुनिक सर्जिकल रोबोटिक्स शामिल है जो रिमोट एवं ऑन-साईट सर्जिकल टीम के बीच रियल टाईम सहयोग को सुनिश्चित करता है। इस इनोवेशन के ज़रिए सर्जन न्यूनतम लेटेंसी के साथ प्रक्रिया को पूरा कर सकता है, इस तरह आधुनिक सर्जिकल केयर पहले से कहीं अधिक सुलभ हो जाती है। एसएसआई मंत्राएम के लॉन्च पर बात करते हुए डॉ सुधीर श्रीवास्तव, संस्थापक एवं चेयरमैन, एसएस इनोवेशन्स ने कहा, ''एसएसआई मंत्राएम एक मोबाइल टेलीसर्जिकल युनिट से कहीं बढ़कर है। यह विश्वस्तरीय स्वास्थ्यसेवाओं में आधुनिक बदलाव लाने का एक आंदोलन है। हाई-स्पीड टेलीकम्युनिकेशन एवं सैटेलाईट कनेक्टिविटी के साथ यह भौगोलिक बाधाओं को दूर करता है तथा उन वंचित समुदायों के लिए जीवन रक्षक रोबोटिक-असिस्टेट सर्जरी को सुलभ बनाता है, जो इससे वंचित हैं।

पूर्वांचल भवन में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस

» उमड़ी भीड़ और जमकर झूमे लोग

गुरूग्राम। मारुति कुंज के पूर्वांचल भवन में पूर्वांचल जन कल्याण संघ मारुति कुंज (रजि) द्वारा बीते 09 मार्च 2025, रविवार की देर शाम होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया जिसमें जबरदस्त भीड़ उमड़ी। सबसे पहले महासचिव एस पी साह एवं अध्यक्ष विनोद कुमार ने सभी के साथ मिलकर राधा कृष्ण, विद्यापति जी एवं प्रथम राष्ट्रपति देश रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद जी को पूजन एवं गुलाल लगा कर होली मिलन कार्यक्रम का गुरुआत किया। इस मौक़े पर वार्ड नंबर 19 के भाजपा पार्षद प्रत्याशी अमित भड़ाना, समाजसेवी ई आरके जायसवाल, वरिष्ठ पूर्वांचल समाजसेवी छोटेलाल प्रधान, पूर्वांचल एकता मंच के अध्यक्ष संजय सिंह, प्रवासी एकता मंच के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, डॉ राजेंद्र प्रसाद फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश पटेल, पूर्वांचल से पार्षद प्रत्याशी धर्मवीर पूर्वांचली, भाजपा नेता राजेश कुमार, राजेश चंद्र सिंह, समाजसेवी बिनय कृष्ण जी, शिक्षाविद नीतीश सर, रंजीत गुप्ता, समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए। संस्था के अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष हुए कार्यक्रम से इस बार और भी अधिक उत्साह लोगों में देखने को मिला। इस बार पिछली बार कि तुलना में कई गुणा अधिक संख्या में लोग उपस्थित होकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएँ देते हुए रंगारंग कार्यक्रम का आनंद लिया। भारी संख्या में लोगों की उत्साह के साथ उपस्थिती देखकर हम सभी संस्था के सदस्यों में ख़ुशी का ठिकाना नहीं रहा और इस प्रकार की उपस्थिति समाज के भाईचारे का शुभ संकेत है। संस्था के अध्यक्ष विनोद कुमार ने कार्यक्रम की सफलता को लेकर सहयोग में शामिल महासचिव एसपी साह, कोषाध्यक्ष रामप्रकाश यादव, संयोजक राहुल सौरभ, भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष उमेश कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष रामेश्वर शर्मा, धनंजय कुमार, बैजू चौधरी, सचिव अभय कुमार, संगठन सचिव सुभास सिंह, सांस्कृतिक सचिव सुजीत चौधरी, सत्येंद्र यादव, शशि भूषण सिंह, निखिलेश निखिल, सतीश पंडित, अरविंद कुमार, मुन्ना झा, पीके सिंह, जितेंद्र बाबा, सुमन मिश्रा, रामप्रबेश कुमार, आरके झा, अवधेश झा, रंजीत सिंह, पवन कुमार, बिपिन सिंह आदि समेत सभी का आभार व्यक्त किया एवं अन्य सदस्यों तथा समाज के सभी लोगों को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दिया। संस्था अध्यक्ष ने उपलब्धियों की विस्तार से उल्लेख किया तथा कहा कि मारुति कुंज का पूर्वांचल भवन सभी समाज के लिए हमेशा निःशुल्क उपलब्ध रहेगा। कोई भी व्यक्ति इसका उपयोग बिना किसी भेदभाव एवं बिना किसी शुल्क के कर सकता है। वहीं समाजसेवी ई आरके जायसवाल ने कार्यक्रम की सफलता को लेकर कहा कि "इसमें कोई संदेह नहीं कि इस तरह के आयोजन से समाज में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है साथ ही समाज के सभी वर्गों के लोग एकजुट होकर त्योहारों की खुशियाँ आपस मे बाँटते हैं।" कार्यक्रम में गायक रत्नेश तिवारी, सुष्मिता पाण्डे, तनुश्री, पूनम पांडेय एवं मैथिल गायक सुशील राय ने अपनी गायकी से शमा बांध दिया।

अंतरराष्ट्रीय मगही चौपाल-302: 'होली के रंग मगहियन संग' का भव्य आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस

नई दिल्ली। विश्व मगही परिषद्, नई दिल्ली के तत्वावधान में "अंतरराष्ट्रीय मगही चौपाल-302: होली के रंग मगहियन संग" का भव्य आयोजन 09 मार्च 2025 को संध्या 6:30 बजे हुआ। यह कार्यक्रम साहित्य, संस्कृति एवं रंगों के अद्भुत संगम का साक्षी बना, जिसमें मगही प्रेमियों, साहित्यकारों, कवियों, कलाकारों एवं विद्वानों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस विशेष मगही चौपाल का शुभारंभ ममता कुमारी के सरस्वती वंदना से हुआ, जिसके पश्चात् विश्व मगही परिषद् के अंतरराष्ट्रीय महासचिव प्रो. डॉ. नागेंद्र नारायण ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने मगही भाषा एवं संस्कृति के उत्थान के लिए होली जैसे पारंपरिक पर्वों के माध्यम से सांस्कृतिक एकता को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अंकित रंजन (कला और संस्कृति पदाधिकारी, जिला भागलपुर) ने अपने सारगर्भित संबोधन में कहा, "मगही भाषा और संस्कृति की मिठास हमारी धरोहर है। विश्व मगही परिषद् जिस प्रकार इसे वैश्विक मंच प्रदान कर रही है, वह सराहनीय है। होली के इस पावन अवसर पर मगही लोककला, साहित्य और संगीत को इस तरह प्रस्तुत करना हमारी सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मैं परिषद् के इस प्रयास की हृदय से सराहना करता हूँ और आगे भी मगही संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु सहयोग का वचन देता हूँ।" कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण में मगही कवि सम्मेलनः प्रतिष्ठित कवियों ने मगही में होली पर आधारित सुंदर कविताएँ प्रस्तुत कीं। सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँः मगही लोकगीत की मनमोहक झलकियाँ। विचार गोष्ठीः मगही भाषा के विकास और संरक्षण पर विद्वानों का संवाद। इस अवसर पर विद्वानों, साहित्यकारों और समाजसेवियों ने अपने विचार रखे और मगही संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भाग लेने वालों में अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालमणि विक्रांत , ललित किशोर शर्मा , मगही रत्न जय प्रकाश , गीतकार राजकुमार, लखीसराय से लोकगायिका रितिका पांडेय , गीतकार (डा) शिवेंद्र नारायण सिंह, ,शेखपुरा से ममता कुमारी ,चुनचुन पांडेय ,गया से पूनम कुमारी,डॉ बालेंदु कुमार बमबम ,अरवल से महेंद्र प्रसाद देहाती ,नालंदा से जयराम देवसपुरी और नई दिल्ली से श्रीमती निवेदिता सिंह , पूर्व जिला परिषद सदस्य, नवादा जिला ,साहेब यादव सहित अन्य राज्यों से भी मगही प्रेमी शामिल हुए। अंत में, विश्व मगही परिषद् के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने इस आयोजन को सफल बनाने वाले सभी प्रतिभागियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त किया। इस आयोजन ने न केवल मगही भाषा और संस्कृति को संजोने का कार्य किया, बल्कि इसे वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान भी दिलाई।

रेरा मकान खरीदारों को राहत नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने स्वागतयोग्य हस्तक्षेप किया है। न्यायमूर्तियों ने जो टिप्पणियां कीं, वे सबूत हैं कि रेरा मकान खरीदारों को तनिक भी राहत नहीं दिला पाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के 'फिरौती वसूली जा रही है।
पूर्व यूपीए सरकार के समय जब रियल एस्टेट विनियमन प्राधिकरण (रेरा) कानून पारित हुआ, तो उससे मकान खरीदारों में ऊंची उम्मीदें जगी थीं। कहा गया था कि अब आखिरकार ज्यादातर मध्य वर्ग के खरीदारों को बिल्डरों की तिकड़मों से मुक्ति मिलेगी। मगर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में जो जाहिर हुआ और उस पर न्यायमूर्तियों ने जो टिप्पणियां कीं, वे सबूत हैं कि रेरा मकान खरीदारों को तनिक भी राहत नहीं दिला पाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के 'लाचार मकान खरीदारों से फिरौती वसूली जा रही है। कोर्ट ने जो सवाल पूछे हैं, उनमें एक यह भी है कि खरीदारों को रेरा से क्या राहत मिली है? हालांकि कोर्ट में सुनवाई एनसीआर से जुड़े मामलों की हो रही थी, लेकिन अंदाजा लगाया जा सकता है कि जो हाल यहां है, बाकी जगहों के खरीदारों की स्थिति उससे बेहतर नहीं होगी। इसलिए सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का संदर्भ बड़ा है। कोर्ट ने सीबीआई से कहा है कि वह बिल्डर- बैंक मिलीभगत की पूरी जांच करे। जजों ने इसके लिए विशेष जांच दल बनाने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि बिल्डरों और खरीदारों को कर्ज देने वाले बैंकों ने मिल कर खरीदारों के लिए मुश्किलें खड़ी की हैं। इनकी वजह से आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने में देर हुई है। कोर्ट ने खास चिंता उन मामलों पर जताई, जिनमें रियल एस्टेट कंपनियों ने दिवालिया प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामला हजारों मकान खरीदारों की याचिका से कोर्ट के सामने आया है। इसमें ध्यान दिलाया गया है कि बैंक ऋण की रकम का भुगतान सीधे बिल्डरों को करते हैं। तब बताया जाता है कि फ्लैट सौंपे जाने तक ईएमआई बिल्डर चुकाएंगे। मगर बिल्डर ईएमआई पर डिफॉल्ट करने लगते हैं और तब त्रिपक्षीय करार के मुताबिक बैंक खरीदारों से ईएमआई वसूलने लगते हैं।

पंजाब-किसानों का उबाल दमन नहीं, संवाद से थमेगा

आरती कुमारी

पंजाब में आम आदमी पार्टी की नाकामयाबियां, अप्रभावी प्रशासन कौशल, असंवाद, हठधर्मिता एवं दमनात्मक कदमों से अराजकता एवं अशांति का वातावरण उग्र से उग्रतर होता जा रहा है। ऐसा प्रतीत होता है आप सरकार के पाप का घड़ा भर चुका है, जनता, किसान एवं अधिकारी सभी कोई त्रस्त एवं परेशान है। इसकी निष्पत्ति के रूप में सामने आरहा है किसानों का आन्दोलन एवं आमजनता का अंतोष। ये वे ही किसान है जिनको भड़काकर, गुमराह करके एवं गलत दिशाओं में धकेल कर 'आप' पार्टी के संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने केन्द्र सरकार के सामने जटिल स्थितियां पैदा की, दिल्ली की जनता का सुख-चैन छीना था एवं खुद किसानों का मसीहा बनने का प्रयास किया था। अब उन्हीं किसानों की समस्याओं को सुनने की बजाय उन पर सख्त दमनात्मक कदम उठाये जा रहे हैं। नौ सौ चूहे खाय बिल्ली हज को चली कहावत को चरितार्थ करने वाली 'आप' सरकार के लिये पंजाब एक जटिल समस्या एवं चुनौती बनकर खड़ी है। जैसी करनी वैसी भरनी- यही हश्र हो रहा है आप सरकार की कथनी और करनी में फर्क की राजनीति का। पंजाब की आप सरकार पहले किए गए कई चुनावी वादों को पूरा करने नाकाम रही है, हालांकि, नाटकीयता के प्रति उसकी प्रवृत्ति के अलावा, सभी चुनावी वादे एवं घोषणाएं काफी हद तक असफल रही है। पंजाब में मान सरकार के खिलाफ नाराज किसानों ने मोर्चा खोल दिया है, 'चंडीगढ़ चलो मार्च' के लिए कूच करने वाले किसानों को भले ही पुलिस ने रोक दिया, चंडीगढ़ की सभी सीमाओं पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रखी हो और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया हो। लेकिन बातचीत की बजाय ऐसे दमनात्मक तरीकों से किसान अधिक भडकेंगे। सवाल यह है कि कृषि प्रधान राज्य क्या किसानों के हितों की अनदेखी कर सकता है? पंजाब में हालात अनियंत्रित, जटिल, अराजक एवं अशांत होते जा रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन के एक घटक द्वारा चंडीगढ़ में नये सिरे से आंदोलन शुरू करने की चेतावनी के बाद पुलिस-प्रशासन की सख्ती से बुधवार को सामान्य जीवन व यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ। चंडीगढ़ से लगते इलाकों में पुलिस के अवरोधों के चलते वाहन घंटों जाम में फंसे रहे। जिन हालातों को दिल्ली की जनता ने लम्बे समय तक झेला, वे ही हालात अब पंजाब के हो रहे हैं। पुलिस आंदोलनकारियों से निबटने के लिये सख्त एवं आक्रामक बनी रही और कई किसान नेताओं को गिरफ्तार किया गया। चंडीगढ़ के अनेक प्रवेश मार्गों को सील किया गया था और भारी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था। सवाल उठाया जा रहा है कि 'आप' सरकार की यह सख्ती क्या हताशा का पर्याय है या समस्याओं से निपटने में उसकी नाकामी को दर्शाता है? बड़ी-बड़ी आदर्श की बातें करने वाली आप पार्टी का दोगला चरित्र ही उजागर हो रहा है। भगवंत मान के नेतृत्व वाली आप पार्टी की सरकार, जिसे कभी बदलाव का अग्रदूत एवं जन-जन का सच्चा हितैषी माना जाता रहा है, अब खुद को प्रमुख हितधारकों- किसानों, राजस्व अधिकारियों और नौकरशाही के साथ उलझी हुई पा रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि किसानों का सबसे बड़ी हितैषी मानने वाली सरकार आज किसानों की दुश्मन कैसे हो गयी? कृषिभूमि पंजाब को कैसे अशांत होने दिया जा रहा है? आप सरकार द्वारा जिस तरह से लंबे समय से आंदोलनरत किसानों की मांगों के प्रति उदासीनता एवं उपेक्षा दर्शायी जा रही है, उससे किसानों की लोकतांत्रिक भागीदारी को लेकर चिंताएं पैदा होती हैं। निश्चित रूप से किसी भी लोकतांत्रिक आंदोलन के दमन से सामाजिक विभाजन और संघर्ष की स्थितियां ही गहराती है, आन्दोलन एवं विद्रोह भावना भड़कती है। दरअसल, पंजाब का संकट सिर्फ हड़ताली अधिकारियों या फिर विरोध करने वाले किसानों को लेकर ही नहीं है। यह असंतोष शासन के दोगलेपन, रीति-नीतियों, झूठे आश्वासनों एवं छलपूर्ण कार्यप्रणाली से जुड़ा है। ये स्थितियां न केवल किसान आंदोलनकारियों से सहज संवाद की कला को खोती हुई प्रतीत हो रही है, बल्कि जिसने पंजाब को नशे का जंगल बना दिया है, आतंकवाद को पनपने दिया एवं महिलाओं को नाराज किया है। निश्चित रूप से अपने राज्य के लोगों के साथ सख्ती का व्यवहार एवं झूठे वायदों ने तंत्र की नाकामी को ही उजागर करता है। निर्विवाद रूप से निराशाजनक वातावरण को यथाशीघ्र दूर करने के प्रयास किए जाने चाहिए, अन्यथा पंजाब की अशांति एवं अराजकता प्रांत को न केवल आर्थिक मोर्चे पर बल्कि सुशासन के मोर्चे पर धराशाही कर देगी। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर शुरू हुआ किसान आंदोलन अब उग्र से उग्रतर होता जा रहा है। इस आन्दोलन से उपजे हालात से जनजीवन अस्तव्यस्त हो रहा है। जाम की बड़ी समस्या पर आम

लोग कह रहे कि जाम किसानों की तरफ से है या सरकार की तरफ से। दरअसल, पंजाब जो लंबे समय से कृषि क्षेत्र में उदार दृष्टिकोण एवं हरित क्रांति वाला राज्य रहा है, तंत्र की संवेदनहीनता और शासन की आक्रामकता के चलते अब अशांत नजर आ रहा है। समय रहते किसानों की मांगों को पूरा न किए जाने और कारगर समाधान के लिये परामर्श न मिल पाने से निराश किसान यूनियनों ने नये सिरे से विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जिसकी परिणति 'चंडीगढ़ चलो मार्च' के रूप में सामने आई है। किसान नेता आरोप लगा रहे हैं कि किसानों की समस्याओं के समाधान पर संवेदनशील रवैया अपनाने के बजाय दमनात्मक कदम उठाये जा रहे हैं। जिसे वे देर रात छापेमारी करके किसान नेताओं की गिरफ्तारी और चंडीगढ़ की सीमाएं सील करने के रूप में देख रहे हैं। अपनी हार एवं नाकामयाबियों से बौखलायी आप सरकार अधिकारियों को निलंबित एवं तबादलें कर रही है, जिससे किसानों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों में भी गहरा असंतोष सामने आ रहा है, वे भी तल्ख प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं। राजस्व अधिकारियों ने सामूहिक अवकाश लेने के विकल्प चुनकर सरकार की समस्याओं को बढ़ा दिया है। पंजाब में आप सरकार की चुनौतियां बढ़ती जा रही है। आम लोग अब बार-बार होने वाले प्रदर्शनों, धरनों और नाकेबंदियों से ऊब चुके हैं। आप शासन की खामियां ही उजागर हो रही हैं, अधूरे वादों, कानून-व्यवस्था या आर्थिक चुनौतियों जैसे मुद्दों पंजाब की शांति को लील रहे हैं। भगवत मान छल और झूठ की राजनीति करते हुए अपने हर वादे से मुकर रहे हैं। दरअसल, केजरीवाल भ्रष्टाचार के विरोध में आन्दोलन के योद्धा के रूप में भारतीय राजनीति में चमके और दिल्ली के साथ पंजाब में उनकी सरकार बनी। दिल्ली में उनकी सत्ता जा चुकी है। पंजाब की स्थितियां उसके लिये खासी चुनौतीपूर्ण व जोखिमभरी बनती जा रही हैं। भले ही मान सरकार अपने को, समय को पहचानने वाला साबित कर रहे हो, लेकिन वह अपने प्रदेश को, अपने पैरों की जमीन को एवं राजनीतिक मूल्यों को नहीं पहचान रहे हैं। यह नियति का व्यंग्य है या सबक? आप के शीर्ष नेताओं के लिये पहले श्रद्धा से सिर झुकता था अब शर्म से सिर झुकता है। कैसे आप की राजनीति एवं शासन-व्यवस्था इस शर्म के साथ जनता से मुखातिब होगी? कैसे पंजाब को समस्याओं से मुक्ति देगी? पंजाब के किसानों का उबाल दमन से नहीं, सार्थक संवाद से ही थमेगा।

सूडोकु नवताल- 7366

***** कठिनतम

		4			9			
	2			8	4			
8						3		
							9	4
	3						7	
5	6							
		7						9
			2	5			8	
			6			2		

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7365 का हल

5	9	1	2	8	4	3	6	7
6	4	2	3	5	7	9	1	8
8	3	7	9	6	1	4	2	5
4	7	5	8	2	6	1	9	3
3	6	9	7	1	5	8	4	2
1	2	8	4	3	9	7	5	6
7	5	6	1	9	8	2	3	4
9	8	3	5	4	2	6	7	1
2	1	4	6	7	3	5	8	9

राजनीतिज्ञों की साफगोई से फ्रीबी कल्चर पर नई राजनीतिक बहस

रंजन श्रीवास्तव

दो मंत्रियों के बयानों ने कम से कम मध्य प्रदेश में फ्रीबी कल्चर पर एक नई राजनीतिक बहस को जन्म दे दिया है। केंद्रीय कृषि मंत्री और मध्य प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लगभग एक हफ्ते पूर्व भोपाल में वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर बोलते हुए कहा कि बार बार चुनाव के कारण कई बार वोट दिलाऊ फैसले लेने पड़ते हैं कि यह भी दे दो, वह भी दे दो। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि बार बार चुनाव होने से वोटों के डर से कई बार ऐसे फैसले भी प्रभावित होते हैं जो बच्चों का भविष्य बना सकते हैं और प्रदेश और देश का विकास कर सकते हैं। जाहिर है केंद्रीय मंत्री का इशारा फ्रीबी कल्चर की तरफ था। इसी तरह अपने बेबाक बयानों के लिए जाने जाने वाले मध्य प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल के द्वारा दिए गए एक बयान ने भी समाज में फ्रीबी कल्चर पर सवाल उठाया है। प्रह्लाद सिंह पटेल कुछ दिनों पूर्व राजगढ़ में रानी अवंतीबाई लोधी के प्रतिमा अनावरण के बाद एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब भी नेता आते हैं उन्हें याचिकाओं की एक टोकरी सौंपी जाती है। उन्होंने कहा कि मांगने की आदत के बजाय लोगों में देने की मनोवृति विकसित करनी चाहिए। मुफ्त उपहारों पर अधिक निर्भरता समाज को मजबूत बनाने की बजाय कमजोर बनाती है। लोगों को भीख मांगने की आदत पड़ गयी है। उल्लेखनीय है कि जुलाई 2022 में उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के वक़्त प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रीबी कल्चर पर जोरदार हमला किया और कहा कि रेवड़ी कल्चर के लोग यह सोचते हैं कि जनता को फ्री की रेवड़ी देकर वो उन्हें खरीद सकते है। उन्होंने जनता का आवाहन करते हुए कहा कि सबको मिलकर इस रेवड़ी कल्चर के मानसिकता को पराजित करना है और देश की राजनीति से इस कल्चर को हटाना है। 2023 में कर्नाटक विधान सभा चुनाव के वक़्त भी प्रधान मंत्री ने रेवड़ी कल्चर पर हमला किया क्योंकि तब उस समय विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस ने लोगों को 5 गारंटी देने की बात कही जिसमें से एक गारंटी 21 से 65 वर्ष के महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रूपये देने का था। रोचक यह है कि इसके पहले कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस चुनावों से पहले कर्नाटक के तर्ज पर 5 गारंटी लांच करती तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहना योजना लागू करके 21 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को 1250 रूपये प्रतिमाह से शुरुआत करते हुए 3000 रूपये प्रतिमाह की घोषणा कर दी। भाजपा को पहले से ज्यादा सीटें चुनाव में मिलीं। दिल्ली विधान सभा चुनाव के समय आम आदमी पार्टी को पराजित करने के लिए भाजपा ने 2500 रुपए प्रतिमाह महिलाओं को देने का वादा किया जो कि आम आदमी पार्टी की घोषित धनराशि से 400 रूपये प्रतिमाह ज्यादा है। भाजपा की केंद्र सरकार स्वयं किसानो को प्रधान मंत्री सम्मान निधि के नाम पर 2000 रूपये प्रति तीन माह पर देती है। जब देश के प्रधान मंत्री स्वयं और देश की जनता का एक वर्ग खासकर माध्यम वर्ग चाहता है कि फ्रीबी कल्चर पर रोक लगाई जाय केंद्रीय मंत्री चौहान और मध्य प्रदेश के मंत्री पटेल के बयान एक स्वस्थ बहस की जरूरत की तरफ इशारा कर रहे हैं कि क्या फ्रीबी कल्चर देश के लिए अच्छा है या बुरा। देश के एक वर्ग का मानना है कि फ्रीबी कल्चर से देश की श्रम शक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है और राजनीतिक दल समाज की आर्थिक स्थिति को ठीक करने के लिए ठोस उपाय अपनाने की जगह फ्रीबी कल्चर को एक शॉर्टकट की तरह प्रयोग में ला रहे हैं। अगर स्वयं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान फ्रीबी कल्चर पर खुल कर बोल रहे हैं तो क्या ये अच्छा नहीं होगा कि भाजपा जिसकी सरकार केंद्र में भी है और कई राज्यों में भी इस कल्चर को ख़त्म करने के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाए और इसका समाधान निकालने की कोशिश करे। प्रह्लाद सिंह पटेल का कहना है कि उन्होंने जो बयान दिया वह एक सामाजिक कार्यक्रम था और समाज के लोगों को स्वावलम्बी बनाने के लिए उनके आह्वान को विपक्ष और मीडिया ने गलत सन्दर्भों में दिखाया है। पटेल लोध समुदाय से आते हैं और समारोह भी रानी अवंतीबाई लोधी के प्रतिमा अनावरण से सम्बंधित था। जाहिर है कि इस समारोह में लोध समुदाय से भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। विपक्ष पटेल पर हमलावर है और उसका कहना है कि पटेल ने जनता को भिखारी बोलकर उनका अपमान किया है। पटेल ने अपना स्पष्टीकरण दे दिया है पर फिर भी उनके बयान से जो कि चौहान के बयान के तुरंत बाद आया है, उस राजनीतिक बहस की आवश्यकता को बताता है कि फ्रीबी कल्चर देश के लिए कितना उचित है और कितना अनुचित।

मेष राशिः आज आपका दिन परिवार वालों के साथ बीतेगा। आज आपको जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका मिलेगा। कार्यों में आ रही समस्याएं आज समाप्त हो जाएंगी। आज गुस्से में किसी से बात करने से आपको बचना चाहिए। आज आपकी आर्थिक स्थिति ठीक-ठाक रहेगी। आज धैर्य और सही सोच आपको आगे बढ़ने में आपकी मदद करेगी।

वृष राशिः आज ऑफिस में एक्सट्रा वर्क करने से रुका हुआ काम पूरा हो जाएगा। आज किसी तरह के विवाद में पड़ने से आपको बचना चाहिए। आज आप किसी तरह के विचारों में खोये रहेंगे, बेहतर होगा बेवजह ना सोचे। आय के स्रोतों में स्थिरता बनी रहेगी। आज आप अपने घर के बड़े-बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

मिथुन राशिः आज खास खबर मिलने के योग हैं। लॉ स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई-लिखाई में थोड़ा बदलाव करने की सोच सकते हैं, जो कि उनके भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आपको अपने खान-पान में थोड़ी सावधानी रखने की जरूरत है। जंक-फूड खाने से आपको बचना चाहिए। आर्थिक लाभ पाने के लिए आपको मेहनत करनी पड़ेगी। छोटे बच्चों को पिता से अच्छा उपहार मिलने की संभावना है।

कर्क राशिः आज नए कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी, जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा और भी अधिक मजबूत होगा। बच्चों के साथ आप कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आज आपको धन लाभ के बड़े अवसर मिलेंगे। किस्मत के सहयोग से आपका खास काम पूरा होगा। आज का दिन व्यावसायिक प्रगति के लिए अनुकूल है। किसी पुराने दोस्त से मिलने का मौका मिलेगा।

सिंह राशिः आज आपकी कंपनी को किसी बड़ी कंपनी से डील करने का ऑफर मिलेगा। संगीत से जुड़े लोग किसी कॉन्सर्ट में हिस्सा लेंगे। घर पर अचानक किसी मेहमान के आने की संभावना है। आज आप अपने रिश्तों को मजबूत बनाने की कोशिश करेंगे। मित्रों के साथ बैठकर अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए बातचीत करेंगे।

कन्या राशिः आज आपकी सारी इच्छाओं की पूर्ति होगी। व्यापार के सिलसिले में आज आपको दूसरे शहर की यात्रा करनी पड़ सकती है। संतान पक्ष से सुख की अनुभूति होगी, जिससे आपकी खुशियाँ बढ़ेंगी। आज ऑफिस में आपको जिम्मेदारी वाला काम मिलेगा, जिसे पूरा करने पर आपको फायदा होगा। आपको बॉस से इंसेंटिव मिल सकता है। कॉमर्स के विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा।

तुला राशिः आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपका बैंक बैलेंस मजबूत बनेगा। घर पर किसी दोस्त की पार्टी का इनविटेशन आ सकता है। ऑफिस में आपके काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ करेंगे। आर्ट्स स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी बातों से लोग काफी इम्प्रेस होंगे। बिजनेस में आपको बड़ा फायदा होने के संकेत हैं। माता-पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जायेंगे।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए तरक्की दिलाने वाला साबित होगा। आज आप धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे। आज सोशल साइट के जरिये नए लोगों से आपका संपर्क होगा। किसी काम के लिए योजना बनाने और फैसले लेने के लिए दिन शुभ है। आज बच्चे खेलकूद में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक रूप से आप काफी सक्षम रहेंगे। दूसरों की समस्याएं सुलझाने में आपका मुख्य भूमिका रहेगी।

धनु राशिः आज पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभायेंगे। हर किसी से निजी समस्याओं को शेयर करने से आपको बचना चाहिए। इस राशि की महिलाओं को शाम को बाहर निकलते समय अपने पर्स का खास ध्यान रखना चाहिए। आपके द्वारा किये गए सामाजिक कार्यों के लिए आज आपको सम्मानित किया जाएगा। आज आप किसी नए बिजनेस में पैसा लगाने के बारे में विचार करेंगे।

मकर राशिः आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी। अगर आप किसी को पसंद करते हैं और उससे अपनी दिल की बात कहना चाहते हैं, तो आज का दिन फेवरेबल है। आपको सफलता जरूर मिलेगी। व्यापार में आपको अचानक धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा। ऑफिस के कुछ सहकर्मी आपके काम में सपोर्ट करेंगे।

कुंभ राशिः आज व्यापार के मामले में आपके मन में नए-नए विचार आएंगे । किसी काम में बड़े भाई की सलाह फायदेमंद साबित होगी। आज परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा। आज कुछ खास लोगों से मिलना और बातें करना आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आप अपनी समझदारी से किसी भी समस्या का समाधान आसानी से निकाल लेंगे। जीवनसाथी आपकी बातों को महत्व देंगे, जिससे आपको अच्छा महसूस होगा।

मीन राशिः आज आपको परिवार वालों का पूर्ण स्नेह और सहयोग प्राप्त होगा। आपके कुछ मित्र बहुत ही मददगार साबित होंगे। आज ऑफिस में आपके ड्रेस की तारीफ होगी, जिससे आप काफी प्रसन्न होंगे। ऑफिस में काम कर रहे किसी सहयोगी से आपकी अच्छी जान पहचान होगी। आज बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा। आज आपकी कार्यक्षमता में बढ़ोतरी होगी। दांपत्य जीवन मधुरता से भरपूर रहेगा।

विदेशों में बढ़ते हिन्दू मंदिरों में बढ़ने निशाने , मोदी सरकार को सख्त कदम उठाने की जरुरत

अशोक भाटिया , मुंबई

खालिस्तान समर्थकों ने एक बार फिर से हिंदू मंदिर को निशाना बनाया है। अमेरिका के कैलिफोर्निया के नेवार्क में खालिस्तान समर्थकों ने हिंदू मंदिर की बाहरी दीवारों पर भारत विरोधी और खालिस्तान समर्थन में नारे लिखे हैं साथ ही उन्हें क्षतिग्रस्त भी किया है। ये मंदिर स्वामीनारायण मंदिर है। जिसकी दीवारों पर काले रंग से आपत्तिजनक बातें लिखी गई हैं। घटना की जानकारी मिलते ही नेवार्क पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई।अमेरिका के हिंदू-अमेरिकन फाउंडेशन ने सोशल मीडिया पर मंदिर की कुछ तस्वीरों को शेयर किया गया है। इसके साथ ही फाउंडेशन ने कैप्शन में लिखा कि स्वामीनारायण मंदिर वासना संस्था को खालिस्तान समर्थकों ने निशाना बनाकर शकी दीवारों पर खालिस्तानी नारे लिखे हैं, साथ ही उसे क्षतिग्रस्त भी किया है । फाउंडेशन ने इस मामले की जानकारी पुलिस के साथ ही न्याय विभाग के नागरिक अधिकारों को भी दी है। फाउंडेशन का कहना है कि वो चाहती है कि इस घटना की जांच पुलिस इसे हेट क्राइम मानकर करे। वहीं खालिस्तान आतंकवादी भिंडरावाले का जिक्र करते हुए बताया जा रहा है कि उसने हत्या के लिए हिंदुओं को निशाना बनाया है अब मंदिर को निशाना बनाया जा रहा है ताकि लोगों खौफ पैदा हो सके। फाउंडेशन का कहना है कि इस बात पर जोर दिया जा रहा है कि पुलिस इसे घृणा अपराध मानकर जांच करे।वहीं इस मामले पर सैन फ्रांसिस्को में मौजूद भारतीय वाणिज्य दूतावास ने कड़ी आपत्ति जताई है। दूतावास ने स्वामीनारायण मंदिर पर भारत विरोधी नारे लिखे जाने की कड़ी निंदा करते हुए बयान दिया है कि इस घटना से भारतीय समुदाय की भावनाएं आहत हुई हैं। वैसे ये कोई पहला मौका नहीं है जब विदेशी सरजमी पर हिंदुओं के धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया गया हो । इससे पहले भी कई इस तरह के मामले सामने आए हैं। ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में भी खालिस्तानियों ने मंदिरों को निशाना बनाया है। इस तरह की घटनाओं पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताते हुए सरकार ने कई राजनयिक मंचों पर इस मुद्दे को उठाया है। इसी साल अगस्त में खालिस्तानी समर्थकों ने कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया शहर में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की थी। साथ ही मंदिर के दरवाजे पर खालिस्तानी पोस्टर चिपका दिए थे। ये सारी घटना परिसर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई थी। वहीं ऑस्ट्रेलियाके मेलबर्न में भी इसी साल जनवरी में ऐसा ही मामला सामने आया था। यहां स्वामीनारायण मंदिर पर भी खालिस्तान समर्थकों ने भारत विरोधी नारे लिखे थे। वहीं एक दूसरे मंदिर इस्कॉन टेम्पल में भी हिंदुस्तान मुर्दाबाद और खालिस्तान जिंदाबाद जैसे नारे लिखे गए थे। कनाडा स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि मंदिर में तोड़फोड़ से कनाडा में स्थित भारतीय समुदाय की धार्मिक भावना आहत हुई है। अपनी चिंता जाहिर करते हुए अधिकारियों ने स्थानीय प्रशासन से आपराधियों के खिलाफ कड़ी काररवाई करने की मांग की है।भारतीय दूतावास ने मंगलवार को कनाडा सरकार को इस संबंध में संज्ञान लेने और मामले की जांच करने के संबंध में अपनी बात रखी है। भारतीय दूतवास ने घटना की कड़ी निंदा की है और हिन्दू धर्म के लिए पनप रही इस नफरत पर चिंता व्यक्त की है। कनाडा पुलिस ने मामले की सख्ती से जांच का आश्वासन दिया है। फिलहाल कनाडा पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। यह पहली बार नहीं है, जब विदेश में किसी हिन्दू मंदिर की दीवारों पर भारत के विरोध में नारे न लिखे गए हो। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया में भी ऐसी घटना सामने आई। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के श्री शिव विष्णु मंदिर की दीवारों पर रात के समय तथाकथित खालिस्तान समर्थकों ने नफरत भरे नारे लिखे थे। सुबह जब मंदिर प्रबंधन ने मंदिर में तोड़फोड़ और दीवारों पर नारे देखे तो इसकी सूचना पुलिस को दी गई। ऑस्ट्रेलिया में भारतीय दूतावास ने संघीय सरकार के सामने इस मुद्दे को उठाया था। बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों और हिंदू धर्म को मानने वालों के खिलाफ जिस तरह की हिंसा भड़की वह तो सबने देखी, लेकिन अमेरिका जो खुद को लोकतंत्र की मिसाल बताता है। ऐसे देश में हिंदुओं के खिलाफ इस तरह की साजिश समझ से बाहर है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि अमेरिका में हिंदू मंदिरों पर हमला उस वक्त हो रहा था , जब यूनाइटेड नेशन में दुनियाभर के नेता वहां मौजूद थे । इसके बावजूद सब चुप्पी साधे हुए रहे । गौरतलब है है कि अब तक के जो मामले सुर्ख़ियों में है जब हिंदू मंदिरों में हुई तोड़फोड़ हुई हो । इनमे प्रमुख है 26 सितंबर, 2024 :- का है, जब सैक्रामेंटो अमेरिका में स्वामी नारायण मंदिर। 19 सितंबर, 2024 :- न्यूयॉर्क के बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर में हमले के बाद अपमानजनक नारे जैसे 'हिन्दुस्तान मुर्दाबाद' तक लिखा गया। 5 जनवरी, 2024 :- कैलिफोर्निया के विजय का शेरावाली मंदिर पर खालिस्तानी समर्थकों द्वारा हमला किया गया। 23 दिसंबर, 2023 :- कैलिफोर्निया के एसएमवीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर पर खालिस्तानी समर्थकों ने हमला किया। वहां कई गंदे चित्र भी उकेरे गए। यानी मंदिर की पवित्रता को खत्म करने की कोशिश की गई। 20 जनवरी, 2023 :- ब्रेज़ोस वैली में श्री ओंकारनाथ मंदिर में चोरों ने चोरी की और कीमती सामान उड़ा लिया। उन्होंने मंदिर की एक खिड़की, दान पेटी और तिजोरी तक तोड़ दी। चोर सीसीटीवी में कैद हो गए। 2 नवंबर, 2022 :- न्यूजर्सी के श्री उमिया धाम मंदिर में तोड़फोड़ की गई और 'मुक्त फिलिस्तीन' के नारे लिखे गए। 31 जनवरी, 2019 :- केंटकी के स्वामीनारायण मंदिर में उपद्रवियों ने तोड़फोड़ की, काले रंग का छिड़काव किया, खिड़कियां तोड़ दी, दीवारों पर स्प्रे के जरिए स्लोगन लिखे गए।19 जुलाई, 2015 :- कैरोलिना के विहिप मंदिर पर गोलीबारी की गई। मंदिर पर 4 जुलाई 2015 की दोपहर करीब 1 बजे भी गोलीबारी हुई, जिसमें मंदिर की दीवारों पर 60 से अधिक छेद हो गए। 20 अप्रैल, 2015 :- न्यूयॉर्क के उत्तरी टेक्सास हिंदू मंदिर के प्रतीक चिन्हों को तोड़ दिया गया। लंदन में विदेश मंत्री एस जयशंकर पर खालिस्तान समर्थक समूह द्वारा हमले की कोशिश पर भारत सरकार ने गंभीर चिंता व्यक्त तो की है पर उसमें मंदिरों का जिक्र नहीं है पर उसमें कहा गया है कि कथित खलिस्तान के नाम पर ब्रिटेन, कनाडा और अमेरिका जैसे देशों में कुछ आतांकवादी समूह न केवल सक्रिय हैं बल्कि कथित मानव अधिकार के नाम पर कुछ अंतरराष्ट्रीय संगठन और राजनीतिक दल के नेता भी उनका समर्थन करते हैं। ब्रिटेन में लेबर पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रतिपक्ष में रहकर वोट बैंक के लिए या भारत को कमजोर देखने के लिए उनका समर्थन करते रहे हैं। अब लेबर पार्टी सत्ता में हैं और वह भारत के साथ अच्छे संबंधों के लिए प्रयासरत है। ऐसी स्थिति में भारत का कड़ा विरोध आवश्यक है। लेकिन भारत में भी पाकिस्तान तथा अन्य देशों के माध्यम से फन्डिंग पा रहे कथित खालिस्तानी आतंकी अथवा नक्सली अब भी कुछ इलाकों में समय समय पर हमले की कोशिश करते हैं। उत्तर प्रदेश और पंजाब पुलिस के समूह ने इसी सप्ताह खालिस्तानी आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल तथा पाकिस्तानी आई एस आई के सदस्य लजर मसीह को महाकुंभ में आतंकी वारदात की साजिश के सबूतों के साथ गिरफ्तार किया है।

रोहित बोले अभी संन्यास नहीं ले रहा

भविष्य की योजनाएं आने वाले समय में तय करेंगे

दुबई। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में मिली जीत के बाद कहा कि वह अभी संन्यास नहीं ले रहे हैं। इसलिए इस बारे में अफवाएं न फैलाएं। इससे पहले अटकलें लगायी जा रहीं थीं कि रोहित चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद संन्यास ले सकते हैं। रोहित ने जीत के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा , 'भविष्य की योजनाएं भविष्य में तय की जाएंगी. अभी, सब कुछ वैसे ही चलता रहेगा जैसा चल रहा है.' चैंपियंस ट्रॉफी के बाद संन्यास न लेकर रोहित ने संकेत दिये हैं कि वह 2027 में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप तक टीम में बने रहना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'हमने पूरे टूर्नामेंट में अच्छा क्रिकेट खेला। अपने अनुसार परिणाम हासिल करना एक शानदार अहसास है। आक्रामक शैली से न खेलना मेरे लिए यह स्वाभाविक नहीं है, लेकिन मैं सही में ऐसा करना चाहता था।' उन्होंने कहा, 'जब आप कुछ अलग कर रहे होते हैं तो आपको टीम और प्रबंधन से समर्थन होना चाहिए। मैंने इस बार में कोच से भी बात की थीघ्। . मैं वास्तव में ऐसा करना चाहता था। मैं इन साल में एक अलग शैली में खेला और अब हम इस शैली के साथ परिणाम हासिल कर रहे हैं.' रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम ने गत वर्ष वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व कप जीता था। इसके बाद रोहित और विराट कोहली ने टी-20 फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था। ऐसे में कहा जा रहा था कि रोहित चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद भी इसी तरह का फैसला लेते हुए एकदिवसीय प्रारुप से संन्यास ले सकते हैं पर ऐसा कुछ हुआ नहीं। फाइनल से पहले कप्तान रोहित ने जिस प्रकार मीडिया से बात करने शुभमन गिल को भेजा था उससे भी लगा था कि वह फाइनल के बाद संन्यास ले सकते हैं। वहीं फाइनल में हार के बाद न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनेर ने कहा कि उनकी टीम एक बेहतर भारतीय टीम से हारी। सेंटनर ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, 'यह अच्छा टूर्नामेंट था। हमें कड़ी चुनौती मिली और हम आज एक बेहतर टीम से हारे।

विराट के बयान से उनके संन्यास लेने की अटकलें, प्रशंसक हुए निराश

दुबई। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीतने के बाद अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने एक ऐसी बता कही जिससे उनके प्रशंसकों को संन्यास लेने का अंदेशा हुआ। विराट ने कहा कि कहा कि हम चाहते थे कि जब हम टीम छोड़कर जाएं तो टीम बेहतर स्थिति में हो। मुझे लगता है कि हमारे पास ऐसी टीम है जो अगले आठ साल तक दुनिया की किसी भी टीम का सामना करने के लिए तैयार है। बहरहाल विराट के संन्यास लेने की आशंका से प्रशंसक निराश हैं। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में एक भी मैचा नहीं हारी। विराट फाइनल में रन नहीं बना पाये पर पूरे टूर्नामेंट में उनकी अहम भूमिका रही। पाकिस्तान के खिलाफ उनके शतक से ही भारतीय टीम जीती है। जैसे ही विराट ने अपने संन्यास की बात की, उनके प्रशंसक भावुक हो गए। चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के बाद कोहली बेहद उत्साहित दिखे। हालांकि, मैच के बाद उन्होंने क्रिकेट छोड़ने की बात कही, जिससे प्रशंसक थोड़े समय के लिए भावुक हो गए। विराट ने चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद कहा कि यह सफर अद्भुत रहा। उन्होंने कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद अच्छी वापसी करना चाहते थे और इस खिताबी जीत से बेहतर कुछ और नहीं हो सकता था। अब उन्हें युवा खिलाड़ियों के साथ खेलने का बहुत अच्छा अनुभव हुआ है। विराट ने ये भी कहा कि टीम के युवा खिलाड़ी टीम को सही दिशा में लेकर जा रहे हैं और यह उनकी प्रगति को देखकर वह काफी खुश हैं। विराट ने आगे कहा कि इतने सालों तक क्रिकेट खेलने के बाद आप अनुभवी खिलाड़ी से दबाव वाली स्थिति में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद करते हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी टूर्नामेंट में खिताब जीतने के लिए टीम के सभी खिलाड़ियों को अलग-अलग मैचों में अपनी भूमिका ठीक से निभानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि सभी के प्रयासों से ही टीम खिताब जीतने में सफल रही है। साथ ही कहा कई खिलाड़ियों ने अच्छी बल्लेबाजी और गेंदबाजी जिसका लाभ टीम को मिला। विराट ने यह भी बताया कि वह हमेशा युवा खिलाड़ियों से बात करने की कोशिश करते हैं और उन्हें अपने अनुभवों से मार्गदर्शन देने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि वह उन्हें यह बताते हैं कि उन्होंने इतने सालों तक क्रिकेट कैसे खेला और किस तरह से दबाव की स्थितियों में अपने प्रदर्शन को बेहतर किया।

खिताबी जीत के बाद विराट ने शमी की मां के छुए पैर

दुबई। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और पूरी टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के बाद खुशी मनाती दिखी। इसी बीच के एक भावुक पल का वीडियो भी सोशल मीडिया में सामने आया है। इसमें विराट तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की मां अंजुम आरा के पैर छूते हुए नजर आ रहे हैं। यह वीडियो पुरस्कार वितरण समारोह के बाद का है। विराट ने अपनी इस विनम्रता से क्रिकेट प्रशंसकों का दिल भी जीत लिया। विराट हालांकि फाइनल में रन नहीं बना पाये पर भारतीय टीम की जीत में उनका अहम योगदान रहा। विराट ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में जहां शतक लगाया था। वहीं सेमीफाइनल में अर्धशतक लगाया था। टीम इंडिया ने तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी जीती है, और यह जीत भारतीय क्रिकेट के लिए एक और बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। टीम के सभी खिलाड़ियों ने इस मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया, और कोहली का शमी की मां के प्रति सम्मान दिखाता है कि भारतीय क्रिकेट टीम में खिलाड़ी सिर्फ मैदान पर ही नहीं, बल्कि एक दूसरे के परिवार के प्रति भी बेहद सम्मान की भावना रखते हैं। इस जीत के बाद भारत के क्रिकेटप्रेमियों में उत्साह की लहर दौड़ गई है।

आईपीएल 2025 के बाद इंग्लैंड जाएगी भारत ए टीम

मुम्बई। भारत-ए टीम आईपीएल 2025 के बाद तीन 4-दिवसीय मैचों के लिए इंग्लैंड जाएगी। इस दौरे में उसका मुकाबला इंग्लैंड लायंस की टीम से होगा। इससे इसमें शामिल खिलाड़ियों के पास बेहतर प्रदर्शन कर जून में होने वाले भारतीय टीम के टेस्ट दौरे के लिए अपना दावा पेश करने का अच्छा अवसर होगा। भारत ए की टीम यह दौरा 25 मई से 20 जून के बीच चल सकता है, हालांकि अभी इसकी तारीखों की घोषणा नहीं हुई है। 25 मई को आईपीएल का फ़ाइनल मुक़ाबला होगा, जबकि 20 जून से टेस्ट सीरीज़ की शुरुआत होगी। भारतीय बल्लेबाज़ टेस्ट मैचों के अलावा मुश्किल से ही कोई लाल गेंद की क्रिकेट खेलते हैं। कुछ नियमित टेस्ट खिलाड़ी भी इस इंडिया ए के दौरे पर जा सकते हैं जिससे कि आगामी इंग्लैंड दौरे के लिएस अपनी दावेदारी पक्की की जा सके। भारत-इंग्लैंड एकदिवसीय सीरीज़ शुरू होने से पहले एक रणजी ट्रॉफ़ी मुक़ाबला खेला जाएगा उसमें भी ये बल्लेबाज़ लाल गेंद की क्रिकेट का अभ्यास कर सकते हैं। बीसीसीआई ने अपने बल्लेबाज़ों को संदेश दिया है कि वह इस सीरीज़ को चयन का एक पैमाना मानें। पिछले साल जब इंग्लैंड लायंस की टीम भारत आई थी तो सरफ़राज़ ख़ान, ध्रुव जुरेल, प्रसिद्ध कृष्णा और आकाश दीप जैसे खिलाड़ियो ने इंडिया ए की ओर से खेला था।

चैम्पियंस ट्रॉफी : अवार्ड समारोह में पीसीबी अधिकारी को नहीं बुलाये जाने पर विवाद उठा

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम की जीत के बाद हुए अवार्ड समारोह में पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अधिकारी को नहीं बुलाया। जिससे विवाद उत्पन्न हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार टूर्नामेंट के निदेशक और पीसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुमैर अहमद उस समय मैदान में उपस्थित थे पर उन्हें समारोह में नहीं बुलाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी व्यस्त होने के कारण दुबई नहीं जा सके थे। ऐसे में उन्होंने अपने प्रतिनिधि के तौर पर पीसीबी के सीईओ को फाइनल और अवॉर्ड समारोह के लिए दुबई भेजा था।" वहीं मंच संचालन करने वाली समिति की ओर से कहा गया है कि किसी कारण से या गलतफहमी की वजह से उन्हें मंच पर नहीं बुलाया गया। विजेता भारतीय टीम को आईसीसी अध्यक्ष जय शाह, बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव देवजीत सैकिया ने पदक, ट्रॉफी और जैकेट दिये। अब मेजबान पाकिस्तान का कोई प्रतिनिधि स्टेज पर नहीं था। पीसीबी यह मसला आईसीसी के समक्ष उठा सकता है। वहीं पाक के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने भी सोशल मीडिया पर कहा, "भारत ने चैम्पियंस ट्रॉफी जीती पर पीसीबी का कोई प्रतिनिधि फाइनल के बाद नहीं था। पीसीब मेजबान था पर इसके बाद भी उसे मंच पर जगह नहीं मिल पाना हैरानी की बात है। इसके साथ ही ये भी सवाल उठाता है कि पीसीसी की ओर से क्यों कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं आया।"

व्यापार

शेयर बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी में मजबूती

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की मिलीजुली शुरुआत हुई थी। बाजार खुलते ही कुछ देर के लिए बिकवाली का दबाव भी बना। हालांकि थोड़ी ही देर बाद खरीदारों ने एक्टिव होकर खरीदारी शुरू कर दी, जिससे शेयर बाजार की चाल में दोबारा तेजी आ गई। पहले 1 घंटे का कारोबार खत्म होने के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.34 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, हिंदुस्तान यूनिलीवर, अडाणी पोर्ट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील और बजाज फिनसर्व के शेयर 3.72 प्रतिशत से लेकर 1.46 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर इंडसइंड बैंक, ट्रेंट लिमिटेड, बजाज ऑटो, लार्सन एंड टूब्रो और टाइटन कंपनी के शेयर 3.19 प्रतिशत से लेकर 0.95 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,470 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,154 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,316 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 10 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 33 शेयर हरे निशान में और 17 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 142.40 अंक की तेजी के साथ 74,474.98 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये सूचकांक कुछ मिनट में ही लाल निशान में गिर कर 74,156 अंक के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि थोड़ी देर बाद खरीदारों ने एक्टिव होकर लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक ने दोबारा हरे निशान में अपनी जगह बना ली। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 251.04 अंक की बढ़त के साथ 74,583.62 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स के विपरीत एनएसई के निफ्टी ने आज 30.65 अंक की कमजोरी के साथ 22,521.85 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बढ़ जाने के कारण थोड़ी ही देर में ये सूचकांक लुढ़क कर 22,498.65 अंक तक पहुंच गया। इस गिरावट के बाद खरीदारों ने मोर्चा संभाला और लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक सुबह 10 बजे के करीब उछल कर 22,676.75 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। हालांकि इसके बाद हुई मामूली बिकवाली के कारण इसकी चाल में थोड़ी गिरावट भी आई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 76.35 अंक की तेजी के साथ 22,628.85 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 7.51 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक कमजोरी के साथ 74,332.58 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी ने 7.80 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ 22,552.50 अंक के स्तर पर शुक्रवार के कारोबार का अंत किया था।

दुनियाभर में इस साल गेहूं उत्पादन बढ़ने की उम्मीद

» भारत की मदद से धान भी तोड़ेगा रिकॉर्ड

नई दिल्ली। इस साल दुनियाभर में गेहूं का उत्पादन 79.6 करोड़ टन पहुंचने की उम्मीद है, जो 2024 के लिए एक फीसदी से अधिक वृद्धि होगी। एक रिपोर्ट के अनुसार यूरोपीय संघ और अमेरिका में गेहूं की पैदावार में वृद्धि की संभावना है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में मौसम के प्रतिकूल प्रभाव के कारण उत्पादन पर असर देखा जा सकता है। धान उत्पादन में भी सकारात्मक संकेत हैं, जिससे 2024-25 में वैश्विक धान उत्पादन 54.3 करोड़ टन तक पहुंच सकता है। इस वृद्धि के पीछे भारत, कंबोडिया, और म्यांमार का योगदान है। हालांकि, खाद्य में गेहूं के उपयोग में कुछ कमी हो सकती है, लेकिन खाद्य और कारखानों में उपयोग बढ़ सकता है। वैश्विक अनाज भंडार की कमी के चलते 45 देशों की खाद्य सुरक्षा पर खतरा है, विशेष रूप से गाजा और सूडान में। संगठन ने चेतावनी दी है कि तीव्र खाद्य असुरक्षा की स्थिति बनी हुई है और इस चुनौती से निपटने के लिए कठिन पहलू होंगे। इन खतरों के बीच, संयुक्त राष्ट्र और उनके सदस्य देशों को सहयोग करने की आवश्यकता है ताकि खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में सुधार हो सके।

देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 हरियाणा के दौरे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू;पूरे टूर्नामेंट में किया शानदार प्रदर्शन,चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर पीएम मोदी ने दी टीम इंडिया को बधाई;रोहित ब्रिगेड की दुबई में दबंगई,भारत ने 12 साल बाद जीती चैंपियंस ट्रॉफी; न्यूजीलैंड से किया हिसाब बराबर;मार्क कार्नी होंगे कनाडा के नए प्रधानमंत्री
2 बहुत समय के बाद हमने चैंपियंस ट्रॉफी जीती,पूरी टीम ने शानदार प्रदर्शन किया:विराट कोहली;संसद के बजट सत्र का दूसरा फेज आज से,10 मार्च से 4 अप्रैल तक 16 बैठकें,मणिपुर बजट;वक्फ समेत 36 बिल आ सकते हैं
3 शाश्वत मिथिला महोत्सव में केंद्रीय गृह मंत्री का बड़ा एलान,कहा:सीता माता का भव्य मंदिर बनाएंगे;Spain की आतंकवाद-रोधी पुलिस ने बार्सिलोना की मस्जिदों पर छापे मारे
4 अहमदाबाद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शाश्वत मिथिला महोत्सव 2025 में भाग लिया,उन्होंने कहा कि गुजरात के विकास में मिथिलांचल और बिहार के लोगों ने बड़ा योगदान दिया है,यहां प्राचीन काल से लोकतंत्र और दर्शन को सशक्त बनाने का इतिहास रहा है
5 बढ़ते मोटापे और मधुमेह पर केंद्रीय मंत्री चिंतित,कहा:हम युवा पीढ़ी को बर्बाद नहीं होने देंगे,आज भारत में टाइप-2 मधुमेह एक महामारी की तरह फैल रहा है,और मोटापा भी;हर तीसरे भारतीय को फैटी लीवर की समस्या है
6 रक्षा मंत्री बोले:प्रमुख युद्ध क्षेत्र बन गया अंतरिक्ष,भारत ने एंटी-सैटेलाइट जैसी तकनीकों में हासिल की महारत;हम गाजा की बिजली आपूर्ति बंद कर रहे हैं: इजरायल
7 मोदी-योगी में मंत्रिमंडल विस्तार और नए प्रदेश अध्यक्ष पर मंथन! महाकुम्भ के बाद PM से पहली बार मिले CM
8 महाकुंभ न जाने पर उद्धव बोले:हम मोहन भागवत के फॉलोअर,भागवत भी कुंभ नहीं पहुंचे;शिंदे ने कहा था:उद्धव हिंदू कहलाने से डरते
9 जय श्री राम नारे का जवाब जय शिवाजी और जय भवानी से दें;उद्धव ठाकरे की समर्थकों से अपील
10 तेलंगाना टनल हादसा, 16वें दिन एक शव मिला,गाद में 10 फीट नीचे मशीन में फंसा था;पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा,अन्य 7 की तलाश जारी
11 भारत की जीत का जश्न मना रहे लोगों पर लाठीचार्ज, BJP ने शेयर किया तेलंगाना का VIDEO
12 चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया की जीत पर पाकिस्तान में जश्न! कई शख्स ने उड़ाए नोट,बोला:400 भी बना लो तो छोड़ेगा नहीं हिंदुस्तान
13 मैं वनडे से संन्यास नहीं ले रहा,कृपया अफवाह मत फैलाएं',कप्तान रोहित का आलोचकों को जवाब
14 शेयर बाजार में इस हफ्ते उतार-चढ़ाव का अनुमान, इन्फ्लेशन डेटा,ग्लोबल सेंटीमेंट्स से लेकर FII-DII फ्लो तक;यह फैक्टर्स तय करेंगे बाजार की चाल
15 FII ने बीते हफ्ते भारतीय बाजार से 24,753 करोड़ निकाले,2025 में अब तक 1.37 लाख करोड़ के शेयर्स बेचे,हाई वैल्यूएशन की वजह से बिकवाली
16 संभल में संदिग्ध परिस्थितियों में बीजेपी नेता की मौत,जहर का इंजेक्शन देने का आरोप
17 CM योगी का निर्देश: सरकार के 8 साल पूरे होने पर प्रदेश भर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे प्रभारी मंत्री
18 राज्य सरकार ने जुमला बजट पेश किया,किसानों और महिलाओं के लिए कुछ भी नहीं:उद्धव ठाकरे
19 बेंगलुरु:रन्या राव की जमानत याचिका पर सुनवाई कल तक के लिए स्थगित
20 जम्मू-कश्मीर:गुलमर्ग फैशन-शो के आयोजकों ने मांगी माफी,इंस्टाग्राम से वीडियो भी हटाया
21 पाकिस्तान:खैबर पख्तूनख्वा में बंदूकधारियों ने दो पुलिस अधिकारियों की हत्या की
22 भूपेश बघेल के घर से कथित तौर पर भारी मात्रा में कैश बरामद,ED ने गिनने के लिए मंगाई मशीन
23 वोटर लिस्ट में धांधली की खबरें लोकतंत्र के लिए खतरनाक,संसद में हो इस पर विस्तृत चर्चा:प्रियंका गांधी
24 पश्चिम बंगाल विधानसभा में हंगामा,बीजेपी विधायकों ने स्पीकर पर लगाया पक्षपात करने का आरोप
25 बिहार:आरा लूट कांड में बदमाशों का एनकाउंटर,2 को लगी गोली
26 पंजाब:12वीं के प्रश्न पत्र में पूछा गया सवाल,कब हुई थी AAP की स्थापना
27 गाजियाबाद:GST विभाग के कैंसर पीड़ित डिप्टी कमिश्नर ने किया सुसाइड,14वीं मंजिल से कूदकर दी जान
28 उत्तराखंड:बीजेपी ने 19 जिलों के नए जिलाध्यक्षों का किया ऐलान
29 पूरा विपक्ष संसद में वोटर लिस्ट पर विस्तृत चर्चा की मांग कर रहा है:राहुल गांधी
30 कलकत्ता हाई कोर्ट के जज जॉयमाल्या बागची को सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त किया गया
31 छत्रपती संभाजीनगर:गन्ने से भरा ओवरलोडेड ट्रक पलटा, 6 मजदूरों की मौत,11 घायल
32 पूरे देश में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे,इस पर चर्चा होनी चाहिए,लोकसभा में बोले राहुल गांधी
33 प्रयागराज:संभल की शाही मस्जिद की पुताई से जुड़े मामले पर 12 मार्च को सुनवाई
34 नई दिल्ली:AAP दफ्तर में 12 बजे पदाधिकारियों की बैठक,शामिल हुए जिलाध्यक्ष और फ्रंटल अध्यक्ष
35 गुजरात:भरुच में 2 दिन पहले हुए हत्याकांड का पर्दाफाश,दामाद ने पैसों के लिए की थी हत्या
36 गुजरात:जूनागढ़ में छोटे बेटे की मौत से दुखी बैंक मैनेजर ने लगाई फांसी
37 कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव स्मगलिंग केस आज संसद में उठा सकती है BJP
38 कोलकाता:महिला ने लगाया TMC दफ्तर में दुष्कर्म होने का आरोप,BJP कार्यकर्ताओं का हंगामा
39 पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर इलाके में गोली मारकर शख्स की हत्या;CG:छापेमारी पर बोले भूपेश बघेल,कोर्ट ने केस बंद कर दिया,इसलिए ED मेरे घर में घुस गई
40 छत्तीसगढ़ के पूर्व CM भूपेश बघेल के बेटे के ठिकानों पर ED की रेड,15 जगहों पर छापेमारी;तमिलनाडु के डिंडीगुल में हीट वेव के कारण जंगल में लगी आग

टॉलीवुड डेब्यू फिल्म जटाधारा से सोनाक्षी सिन्हा का 'पावरफुल फर्स्ट लुक आउट

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा ने खास अंदाज में महिला दिवस की शुभकामनाएं दी हैं. सोनाक्षी ने अपनी आगामी तेलुगु डेब्यू फिल्म जटाधारा से फर्स्ट लुक जारी किया है और सभी महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी हैं. सोनाक्षी के अलावा करीना कपूर, कियारा आडवाणी ने भी महिला दिवस की शुभकामनाएं दी हैं. बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा जल्द ही फिल्म जटाधारा से तेलुगु में डेब्यू करने जा रही हैं. मेकर्स ने सोनाक्षी सिन्हा को टैग करते हुए 8 मार्च को महिला दिवस के अवसर पर उनका पहला लुक पोस्टर जारी किया और कैप्शन में लिखा है, इस महिला दिवस पर जटाधारा में स्ट्रेंथ और पावर उभर रहा है. सोनाक्षी सिन्हा का स्वागत है. मेकर्स ने सोनाक्षी का शानदार पोस्टर जारी किया है. पोस्टर में सोनाक्षी काफी अलग अवतार में नजर आ रही हैं. वह खुले बाल, लंबे नाखून, भारी गहने और चूड़ियां पहनी नजर आ रही हैं. बोल्ड मेकअप, काजल से सजी आंखें और काली बिंदी उनके उग्र अवतार को दर्शा रही हैं. सोनाक्षी का ये अवतार उनके रहस्यमयी और पावरफुल महिला के अवतार को दिखा रही है. फर्स्ट लुक पर सोनाक्षी के पति जहीर इकबाल और बेस्ट फ्रेंड हुमा कुरैशी का रिएक्शन सामने आया है. जहीर ने पोस्ट पर फायर वाला इमोजी छोड़ा है. वहीं, हुमा ने सोनाक्षी की तारीफ करते हुए फैबुलस कहा है. जटाधारा की शूटिंग 14 फरवरी को हैदराबाद में एक मुहूर्त समारोह के साथ शुरू



हुई, जिसमें इंडस्ट्री के कई जाने-माने चेहरे शामिल हुए. सुधीर बाबू अभिनीत जटाधारा का निर्देशन वेंकट कल्याण कर रहे हैं. बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर आईफा के लिए रवाना हो चुकी हैं. उन्होंने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी खास तस्वीरें पोस्ट की हैं और सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी हैं. उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लाल दिल वाले इमोजी के साथ लिखा है, सेल्फ लव, हैप्पी वुमन डे एंड हेलो आईफा. वहीं, कियारा आडवाणी ने भी अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट करते हुए लिखा है, हर दिन हैप्पी वुमन डे.



ध्रुव विक्रम ने बाइसन के पहले लुक में अपना एथलेटिक साइड दिखाया

ध्रुव विक्रम की आगामी फिल्म बाइसन के निर्माताओं ने बहुप्रतीक्षित फर्स्ट लुक जारी कर दिया है। नीलम स्टूडियो के सहयोग से अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने इस रोमांचक स्पोर्ट्स ड्रामा का पहला लुक जारी किया है। पोस्टर में ध्रुव विक्रम को दो अलग-अलग लुक में दिखाया गया है। हालांकि, इन दोनों अवतारों में नायक को एथलेटिक बॉडी के साथ दिखाया गया है। अपने इंस्टाग्राम पर फर्स्ट-लुक पोस्टर शेयर करते हुए ध्रुव विक्रम ने लिखा, बाइसन। फर्स्ट लुक। बेबाक। अडिग। अदम्य। प्रशंसित मारी सेल्वराज द्वारा निर्देशित इस प्रोजेक्ट में ध्रुव विक्रम एक कबड्डी खिलाड़ी की भूमिका में हैं। उनके साथ अनुपमा परमेश्वरन भी हैं। यह फिल्म सच्ची घटनाओं से प्रेरित है और जुनून, लचीलापन और सभी बाधाओं के खिलाफ जीत की एक मनोरंजक कहानी पेश करती है। पिछले महीने, ध्रुव विक्रम ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म पर काम करने के बारे में अपने विचार साझा किए। उन्होंने फोटो-शेयरिंग ऐप पर लिखा, वर्षों की तैयारी, कई महीने के फिल्मांकन, खून-पसीना और आंसू बहाने के बाद, आखिरकार बाइसन की शूटिंग पूरी हो गई है। इस फिल्म की शूटिंग और तैयारी की प्रक्रिया ने मेरी जिंदगी बदल दी है। मेरी आत्मा को मजबूत करने और मुझे जीवन भर का अनुभव देने के लिए मारी सेल्वराज सर का शुक्रिया। निर्देशक मारी सेल्वराज ने भी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फिल्म की शूटिंग पूरी होने की घोषणा की, जिसमें लिखा था, अथक काम, अथक प्रयास और निरंतर समर्थन के वे सभी दिन अनंत भावनाओं में समाहित हो गए हैं! इस यात्रा को पूरी तरह से खूबसूरत बनाने के लिए सभी का शुक्रिया! मुख्य जोड़ी के रूप में ध्रुव विक्रम और अनुपमा परमेश्वरन के साथ पशुपति, राजिशा विजयन, हरि कृष्णन, अजगम पेरुमल, अरुवी माधानंद और कलैयारासन प्रमुख भूमिकाओं में हैं। बाइसन में निवास के. प्रसन्ना का संगीत होगा और कैमरा वर्क की जिम्मेदारी एजिल अरासु की होगी। समीर नायर, दीपक सहगल, निर्देशक पा रंजीत और अदिति आनंद द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित, फिल्म के संपादन विभाग का नेतृत्व शक्ति थिरु ने किया है।

केतिका शर्मा के ग्लैमरस गाने के साथ शुरू होगा रॉबिनहुड का प्रमोशन

सामने आया फिल्म का एक और पोस्टर

साउथ अभिनेता नितिन की आगामी फिल्म रॉबिनहुड की रिलीज डेट जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे ही फिल्म से जुड़ी कई जानकारियां भी सामने आ रही हैं। आज निर्माताओं ने फिल्म में केतिका शर्मा के डांस होने की पुष्टि एक पोस्टर के जरिए की। नितिन की नई फिल्म रॉबिनहुड एक एक्शन और कॉमेडी से भरपूर फिल्म होगी, जिसे कई बार किन्हीं कारणों से टाला गया है। अब फाइनली निर्माताओं के अनुसार, यह फिल्म 28 मार्च, 2025 को

सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म को वेंकी कुदुमुला ने निर्देशित किया है। इस फिल्म में साउथ अभिनेता नितिन मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म में नितिन के साथ पुष्पा फेस सॉन्ग किसिक अभिनेत्की श्रीलीला अहम भूमिका में नजर आएंगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, हाल ही में फिल्म के निर्माता रविशंकर ने कहा कि यह नितिन की सबसे शानदार फिल्म होगी। उन्होंने यह भी कहा कि नितिन और श्रीलीला की जोड़ी पोकिरी फिल्म के महेश बाबू और इलियाना की जोड़ी की याद दिलाएगी। फिल्म में खूबसूरत अभिनेत्री केतिका शर्मा एक खास डांस नंबर में नजर आएंगी। इस गाने की घोषणा पहले ही की जा चुकी थी, लेकिन फिल्म के टलने की वजह से इसे रिलीज नहीं किया गया। अब यह खास गाना 10 मार्च को रिलीज होगा। फिल्म निर्माताओं ने आज केतिका का एक शानदार डांसिंग मूव पोस्टर जारी किया है। गाने का शीर्षक है आधी धा सरप्रिसु, जिसके बोल चंद्र बोस ने लिखे हैं और डांस मूव्स शेखर मास्टर ने तैयार किए हैं। फिल्म के म्यूजिक डायरेक्टर जीवी प्रकाश कुमार हैं। 28 मार्च की रिलीज से पहले कई इवेंट्स की योजना बनाई गई है। रॉबिनहुड को माइथ्री मूवी मेकर्स ने बनाया है।

गाउन पहन नागिन सी बलखाती दिखीं जाह्नवी कपूर

तस्वीरों ने हाई किया इंटरनेट का पारा

बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दिलकश अदाओं से सोशल मीडिया पर लाइमलाइट लूट लेती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट

पर आते ही ट्रेंड करने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर हमेशा अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस को दीवाना बनाए हुए रहती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही छा जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देकर फैंस एक बार फिर से मदहोश हो गए हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने सिल्वर कलर का रिवीलिंग फिशटेल कट लुक में ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो काफी गॉर्जियस नजर आ रही हैं। गले में नेकलेस, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। उनका ये कातिल अवतार देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक स्टाइल को फॉलो करते हैं। उनका हर एक अंदाज इंटरनेट पर ट्रेंड करने लगता है। जाह्नवी कपूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहत हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

विक्की कौशल की पहली फिल्म की 500 करोड़ी क्लब में एंट्री, पुष्पा 2-जवान संग लिस्ट में शामिल हुई छावा

विक्की कौशल की हिस्टोरिकल पीरियड ड्रामा छावा चौथे सप्ताह में प्रवेश कर चुकी हैं. इसी के साथ छावा 500 करोड़ क्लब में भी शामिल हो गई है. चौथे शुक्रवार को छावा ने बॉक्स ऑफिस पर एक बार फिर जादुई उछाल के साथ उड़ान भरी है और 500 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही. उम्मीद है कि फिल्म चौथे वीकेंड पर भी जबरदस्त कमाई करेगी. ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श के अनुसार, छावा का तीसरा सप्ताह शानदार रहा. छावा ने तीसरे सप्ताह में कुल 84.94 करोड़ रुपये कमाए. पुष्पा 2 (107.75 करोड़ रुपये) के बाद तीसरे सप्ताह में सबसे ज्यादा कमाने वाली दूसरी फिल्म है. इसने स्त्री 2

(72.83 करोड़) और बाहुबली 2 हिंदी (69.75 करोड़) को पीछे छोड़ दिया है. स्त्री 2 की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद, सिर्फ आठ महीनों के भीतर दिनेश विजान (मैडॉकफिल्म्स) की छावा दूसरी 500 करोड़ कमाने वाली फिल्म बन गई है. तरण आदर्श ने अपने लेटेस्ट इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा है, 500 नॉट आउट... छावा 500 करोड़ क्लब (22वें दिन) में शामिल हो गई है. इसी के साथ छावा हालिया ब्लॉकबस्टर फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई है- पुष्पा 2 हिंदी, जवान, स्त्री 2, गदर 2, पठान, बाहुबली 2 हिंदी और एनिमल, यह एक बड़ी उपलब्धि है. तरण आदर्श के मुताबिक, विक्की कौशल की इस पीरियड ड्रामा ने चौथे शुक्रवार यानी 22 दिन 6.30 करोड़ रुपये की कमाई की और 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने में सफल रही है. विक्की कौशल स्टारर ने 22 दिनों में 502.70 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है. बता दें, छावा विक्की कौशल के करियर की पहली 500 करोड़ी फिल्म है. तरण आदर्श के मुताबिक छावा 500 करोड़ क्लब में शामिल होने वाली 8वी हिंदी फिल्म है. पुष्पा 2 हिंदी ने 10 दिनों में 500 करोड़ क्लब में प्रवेश किया था, और जवान ने 13 दिनों में अपनी एंट्री की थी. इसके अलावा स्त्री 2 ने 18 दिनों और एनिमल ने 16 दिनों 500 करोड़ का आंकड़ा पार किया था. वहीं, शाहरुख खान की पठान ने भी 22 दिनों में 500 करोड़ का आंकड़ा छूने में कामयाब रही है. चौथे शुक्रवार, 7 मार्च को छावा तेलुगु वर्जन में रिलीज हुई. इस पीरियड फिल्म ने हिंदी वर्जन में लगभग 6.5 करोड़ और तेलुगु वर्जन में 2.25 करोड़ की कमाई की. यह तेलुगु वर्जन के लिए अनुमानित आकंड़े हैं. उम्मीद है कि यह बॉक्स ऑफिस पर वीकेंड तक और बढ़ेंगे. सैकनिल्क रिपोर्ट के अनुसार, छावा ने 21वें दिन ओवरसीज में 1.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया, जिससे छावा का कुल ओवरसीज कलेक्शन 81.5 करोड़ रुपये हो गया. वहीं, छावा का वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस कलेक्शन रिलीज के 21वें दिन के बाद 659 करोड़ रुपये हो गया.

अभिषेक बच्चन की बी हैप्पी का पहला गाना सुल्ताना जारी, डांस करती दिखीं नोरा फतेही

काफी समय से अभिषेक बच्चन अपनी आगामी फिल्म बी हैप्पी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान रेमो डिसूजा ने संभाली है। इस फिल्म में अभिषेक के साथ बाल कलाकार इनायत वर्मा नजर आएंगी। नोरा फतेही भी इस फिल्म में एक अहम भूमिका निभाने वाली हैं। अब बी हैप्पी का पहला गाना सुल्ताना रिलीज हो गया है, जिसमें नोरा जबरदस्त डांस करती दिख रही हैं। सुनिधि चौहान और मीका सिंह ने गाने को मिलकर गाया है। यह एक डांस ड्रामा फिल्म है, जिसमें अभिषेक के किरदार

का नाम शिव रस्तोगी होगा। वह इसमें एक ऐसे पिता बने हैं, जो अपनी बेटी की ख्वाहिशों को पूरा करने के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार रहता है। फिल्म में अभिषेक अकेले अपने बेटी की परवरिश करते दिखेंगे। बी हैप्पी का प्रीमियर 14 मार्च, 2025 से अमेजन प्राइम वीडियो पर होने जा रहा है। जॉनी लीवर और हरलीन सेठी भी फिल्म का अहस हिस्सा हैं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोन: 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।